रोहतक

शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 12, अंक : 230
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 36.9
न्यून. 24.2


haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




सिंधु ने थाई शटलर के खिलाफ किया हेड टू हेड रिकॉर्ड 6-5, क्वार्टर फाइनल में पहुंची 5





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *As per cumulative dispatch numbers till August 2025. T&C Apply.

CALL TOLL-FREE
1800 266 0018


Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa: Khanna Hero - 9289922063; Mandi Dabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: Dev Vaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

SAATCHI & SAATCHI

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोक निर्माण विभाग सब–कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की

### खामियां छोड़कर कार्य आवंटित करने वाले अफसरों पर होगी सख्त कार्रवाई

# भवनों व सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भवनों व सड़कों के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या खामी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्राइंग और निविदा दस्तावेजों में जानबूझकर त्रुटियां छोड़कर कार्य आवंटित करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी लोक निर्माण विभाग की बुलाई गई कैबिनेट सब–कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा भी उपस्थित रहे।

### बैठक में अहम प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

मुख्यमंत्री ने नाहर सिंह स्टेडियम, फरीदाबाद के निकट बन रहे पैरा ओलंपिक भवन, महेंद्रगढ़ में न्यायिक परिसर में सिविल जज (जूनियर व सीनियर) के पांच आवासीय परिसरों, तथा चरखी दादरी के ढिगावा जाटान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन निर्माण कार्य की इन्हांसमेंट को स्वीकृति प्रदान की।


### खेल विवि राई के लिए दो माह में डीपीआर तैयार करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई (सोनीपत) के प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, हॉस्टल, स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर भवन और पूरे विश्वविद्यालय परिसर के कार्यों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) दो महीने के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेलों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय का डिजाइन तैयार किया जाए।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन हम सबके लिए एक जीवंत संदेश : मुख्यमंत्री नायब सैनी

## बाल नमोत्सव कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह बढ़ाया

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरी दुनिया में भारत की आवाज बुलंद कर रहे हैं। उनका जीवन यह दर्शाता है कि कोई भी बच्चा, चाहे वह किसी छोटे गांव से क्यों न आता हो, अगर संकल्प मजबूत हो तो वह असंभव को भी संभव कर सकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इंद्रधनुष ऑडिटोरियम सेक्टर 5 पंचकूला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित बाल नमोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थी। उन्होने कहा कि यह बाल नमोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है, यह बच्चों की प्रतिभा, कल्पना शीलता और आत्मविश्वास का उत्सव है।



### आत्मविश्वास के साथ परिश्रम करें

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन हम सबके लिए एक जीवंत संदेश है। उनका जीवन दर्शाता है कि हालात चाहे जैसे भी हों अगर आपके भीतर आत्मविश्वास और परिश्रम की ज्योति जल रही है तो आप सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। उन्होने कहा कि वे आज माता मनसा देवी के चरणों में प्रधानमंत्री की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं ताकि वे निरंतर भारत को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते रहें।

### विज ने एक्स हैंडल से मिनिस्टर शब्द हटाया

चंडीगढ़। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने एक्स हैंडल से मिनिस्टर शब्द हटा दिया है। इस पर पूछे जाने को लेकर विज ने कहा कि यह बेमतलब की चर्चा है और मैं चाहता हूं कि मेरे कंटेंट से ही मेरे फॉलोवर्स बनें इसलिए मैं कोई भी टैग लगाए बगैर ही अकाउंट चलाना चाहता हूं। इसलिए मंत्री शब्द हटाया है।


**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED**

District Office- Hafed, Jind Road, Kaithal (Haryana). E-mail: dmhfdktl@hry.nic.in, TEL: (01746)-222626

**AUCTION NOTICE**

An open auction for the sale of damaged bardana lying at different locations of Hafed and CMS in the District Kaithal will be held on 24.09.2025 at 12:00PM in the office of the undersigned in the presence of the committee members consisting of concerned Centre Incharge, Asstt(WH), SO(A/Cs) and District Manager and will be finalized at 12:30PM on the same day on "AS IS WHERE IS BASIS". The centre wise detail of damaged items is given below:

| Sr.No. | Name of items | Kaithal | Cheeka | Dhand | Pundri | Kalayat | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Bardana HDPE(Damaged) | 8404 | 5551 | 1627 | 40 | - | 15622 |
| 2. | Bardana Jute(Damaged) | 31474 | 12869 | 34949 | 7856 | 470 | 87618 |
| 3. | A-Twill Damage | 239 | - | - | - | - | 239 |
| 4. | New Damage | 2559 | - | - | 425 | - | 2984 |

**Terms and Conditions :**

1. The reserve price of Jute Bardana is Rs.3.50 per bags and the rate should be quoted in per bags centre wise or for all centres.
2. The reserve price of HDPE Bardana is Rs. 2 per bags and the rate should be quoted in per bags centre wise or for all centres.
3. The reserve price of A-Twill Bardana is Rs. 6 per bags and the rate should be quoted in per bags centre wise or for all centres.
4. The reserve price of New Bardana is Rs. 6 per bags and the rate should be quoted in per bags centre wise or for all centres.
5. The parties interested to participate in the auction will have to deposit an earnest money of Rs. 50000/-(Fifty Thousand only). The payment for earnest money can be made online directly through RTGS/NEFT or OTC. Please refer to "Online Payment Guidelines" available at the single E-Procurement Portal of GOH(Govt. of Haryana).
6. Rates should be offered per piece in respect of bardana and stock articles.
7. Successful bidder will be required to deposit 25% amount of the total cost of the material as security in addition to earnest money failing which EMD will be forfeited.
8. The material auctioned shall be lifted by the successful bidder within 30days after the of sale letter. After that penalty@1% of the value per week or part thereof. Extension in period will be given in extra ordinary circumstances.
9. GST as applicable shall be charged extra on the material from the purchaser.
10. All the labour charges/carriage/cartage etc will be borne by the purchaser itself.
11. The quality of items can be increased or decreased.
12. Weighment charges will be borne by party.
13. Earnest money of the unsuccessful bidder/tender will be released after finalization of Auction as per rules and regulations.
14. Hafed reserve the right to accept or reject any bid/auction without assigning any reason.
15. In case of any dispute the decision of the D.M., Kaithal will be final.

**Sd/- District Manager,**
**Hafed, Kaithal**

No. Hafed/DOKLE/Asstt(SA)/1347 dated 18.09.2025



**The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd; Sonipat**

**Tender Notice**

Sealed tenders in one way systems are invited, from the reputed manufacturer/ distributor/firm/individual registered/qualified supplier for the supply of following items/job work/contracts:-

| Sr. No. | Item |
|---|---|
| 1. | Rate Contractor for one year of hiring J.C.B. machine. |
| 2. | Rate Contractor for one year of hydraulic crane. |
| 3. | Overhauling, Servicing of air blowers 2 nos, and spares |
| 4. | Servicing and AMC of air compressor and driers |
| 5. | Checking and refilling of gas hydraulic accumulators. |
| 6. | Repairing and replacement of butterfly valves rubbers seat, driving gear, pin, flap etc. |
| 7. | Centrifuging filtration on 3 MW power turbine and mill turbine oil |
| 8. | Rate contract of Submersible motor pump set for one year. |
| 9. | Regarding servicing of 250 KVA DG set. (Kirlcaskar make) |
| 10. | Regarding repair of the instrument items/equipment from the outside experts. |
| 11. | AMC and Overhauling of vertical injection pump. |
| 12. | Repairing and Calibration of all chain blocks, slings, wire ropes, EOT cranes of mill house and power house etc. |
| 13. | Purchase of all factory lubricants, Grease.<br>1. Grease BRB-30<br>2. Oil E-10 |
| 14. | Purchase of Computer & networking spares |
| 15. | Installation of Weighbridge at out cane purchasing center, dismantling and arrival at sugar mill from out cane purchasing centre. |
| 16. | A.M.C. of Mill gate weighbridges. |
| 17. | Lifting the Joon from donga for the crushing season 2025-26 (till the end of crushing season). |
| 18. | AMC of Bag stitching Machines with Spares during Season 2025-26. |
| 19. | Complete dismantling of the Old unused juice heater near mounted of body 600 m² and shifting to scrap yard along with its all valves, pipe lines, connections etc. and dismantling of all old tubes. |
| 20. | Complete dismantling of the old drive system of Dorr with its accessories i.e. old sprocket, base fitting, fitting with shaft etc. and fitting of new drive system with its all accessories i.e. big sprocket,base fitting with shaft etc, along with trial. |
| 21. | Purchase of Spary Pond (PVC Culster). |
| 22. | Purchase of Hydraluic Bucket. |
| 23. | Replacement of Damages Motor Connection Leads in Various House approval requested. |
| 24. | Regarding white wash and painting work in the power house. |
| 25. | A.M.C. and repairing of the planetary gear boxes along with spares. Per visit basis. |
| 26. | Purchase of Rubber Plugged. |
| 27. | Purchase of Welding set |
| 28. | Purchase of S.S. stuffing box plate |
| 29. | Purchase of Sub-Mersible Motor pump set |

The tender documents containing the detail of specifications quality of items, term and conditions governing the submission of tenders will be available at the office of the undersigned or detail of tender documents also available at our website **"sugarmillsonipat.in"** till 18.09.2025 at cost of Rs.100/- to be paid in cash or by depositing in our Bank Account No. **01911450000424** with H.D.F.C., Main Branch, Subhash Chowk, Sonipat RTGS/IFSC code No. **HDFC0000191.** Tender form complete in all respects accompanied in favour of "The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd., Sonipat" must reach the office of undersigned latest by **26.09.2025 hour of 10:00 A.M.** and tender will be opened on **26.09.2025 at 10:30 A.M.** in the office of undersigned and negotiation dated **27.09.2025 at 11:00 A.M.**

This notice is being issued only for informational purpose and shall not be deemed to vary, alter or modify the terms of tender documents in any manner whatsoever.

**Sd/- Managing Director,**
**The Sonipat Coop: Sugar Mills Ltd; Sonipat.**


## खबर संक्षेप

### एक्सपोजर विजिट के लिए सरपंच रवाना

चंडीगढ़। विकास एवं पंचायत मंत्रीकृष्ण लाल पंवार के मार्गदर्शन में रिवेंप्ड राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिला पानीपत के जन प्रतिनिधि 56 सरपंच (21 महिला और 35 पुरुष) उत्तर प्रदेश के मथुरा और आगरा में आयोजित पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का दौरा करेंगे। सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल को गुरुवार को विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### राइट टू रिकॉल के लिए आवाज बुलंद करेंगे

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि चौ. देवीलाल ने यह आवाज उठाई थी कि जो भी विधायक या सांसद जनता से किए वादों पे खरा नही उतरता और विधायक या सांसद बनने के बाद जनता की अनदेखी करता है तो उनके खिलाफ संविधान में संशोधन करके राइट टू रिकॉल लागू करना चाहिए। एक बार फिर से 25 सितंबर को चौ. देवीलाल की जयंती पर रोहतक में होने वाली सम्मान दिवस रैली में राइट टू रिकॉल लागू करने की आवाज बुलंद की जाएगी। उन्होंने इसे समय की जरूरत बताया।

### हाईकोर्ट परिसर में हिंसा पर दो का लाइसेंस निलंबित

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट परिसर में हुई हिंसक घटना को गंभीरता से लेते हुए पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल ने साथी बार सदस्यों पर खुलेआम हमला करने और तलवार लहराने के आरोपी दो वकीलों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। बीसीपीएच की विशेष अनुशासन समिति ने कहा कि यह उपर्युक्त दो अधिवक्ताओं रवनीत कौर और सिमरनजीत सिंह ब्लासी की ओर से गंभीर कदाचार का मामला है और उन्होंने बार के सदस्यों के साथ-साथ मानद सचिव पर भी खुलेआम हमला किया है।

### रिव्यू याचिकाओं में नए वकील रखने पर सख्ती

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने उन मामलों पर कड़ी आपत्ति जताई है, जिनमें फैसले के बाद पक्षकार नए वकील नियुक्त कर रिव्यू याचिका दायर करते हैं और पुराने तर्कों को ही दोबारा बहस के लिए उठाते हैं। जस्टिस विनोद एस. भारद्वाज ने इस प्रवृत्ति को न्यायिक समय और पेशेवर नैतिकता के विरुद्ध बताते हुए एक रिव्यू याचिका को 20,000 जुर्माने के साथ खारिज कर दिया। जस्टिस भारद्वाज एक सेवा विवाद से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्हें इस तरह के मामलों को लेकर नाराजगी जताई।

### बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ ट्रस्ट फाउंडेशन का फेसबुक पेज का शुभारंभ व 'लोगो' लॉन्च

## भवन के लिए बीस एकड़ भूमि ट्रांसफर जल्द शुरू होगा निर्माण : मनोहर लाल



चंडीगढ़। बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी पहुंचाने व लोगों को जागरूक करने के लिए बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन (ट्रस्ट) के फेसबुक पेज का शुभारंभ तथा 'लोगो' को लांच किया गया। फेसबुक पेज का शुभारंभ तथा 'लोगो' की लांचिग बृहस्पतिवार यहां चंडीगढ में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री व ट्रस्ट के चेयरमैन मनोहर लाल ने की। मनोहर लाल ने कहा कि जल्द ही ट्रस्ट के भवन का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा और इस संबंध में संबंधित विभाग द्वारा अनापति प्रमाण पत्र शीघ्र ही जारी होगा।

### *बाबा बंदा सिंह बहादुर की बहादुरी को साझा करें*

*केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा लगभग 20 एकड भूमि का स्थानातंरण ट्रस्ट को कर दिया गया है और आगामी कार्रवाई पर शीघ्रता से कार्य जारी है। बैठक में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव को बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहागढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट का सदस्य बनाए जाने हेतू स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बैठक में केन्द्रीय मंत्री व ट्रस्ट चेयरमैन मनोहर लाल ने संबंधित अधिकारियों व पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आज शुरू किए फेसबुक पेज पर बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन से संबंधित उनकी वीर गाथाओं के कंटेट को सांझा किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग ट्रस्ट द्वारा प्रदान की जा रही जानकारी से अवगत हो सकें और समाज को प्रेरणा मिल सकें।*

## धान उत्पादकों की सुध ले सरकार : सैलजा



चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने कहा कि इस बार बाढ़ और बरसात से सबसे ज्यादा नुकसान फसलों खासकर धान की फसल को हुआ, जिसका उचित मुआवजा देने में बीमा कंपनी भी हाथ खड़ा कर रही है। इस बार दाना भी छोटा है और काला भी पड़ गया है साथ ही पिछले वर्ष की तुलना में इस बार झाड भी कम है ऐसे में भाजपा सरकार को धान उत्पादक किसानों के हित में उचित कदम उठाना चाहिए। सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में धान की खेती मुख्य रूप से करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, अंबाला, यमुनानगर, पानीपत, सिरसा और सोनीपत जैसे जिलों में की जाती है। इनमें से करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, और जींद को धान का कटोरा कहा जाता है, खासकर करनाल को बासमती चावल के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध माना जाता है।

### वन टाइम सेटलमेंट स्कीम का लाभ उठाने का अंतिम मौका

चंडीगढ़। सरकार ने छोटे करदाताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए वैट, सीएसटी सहित सात अधिनियमों के अंतर्गत बकाया कर राशि के निपटान के लिए "वन टाइम सेटलमेंट स्कीम, 2025" लागू की है। यह योजना 27 सितंबर, 2025 को समाप्त हो जाएगी। बता दें कि इस योजना के तहत आज तक 97,039 करदाताओं ने लाभ उठाते हुए 712.88 करोड़ रुपये के बकाया कर का निपटान किया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह योजना 30 जून 2017 तक की अवधि के लिए बकाया राशि पर लागू होगी। इसके अंतर्गत सात अधिनियम शामिल हैं, जिनमें हरियाणा मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का 6), केंद्रीय विक्रय कर अधिनियम व अन्य लागू होंगे।

### विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 का होगा आयोजन

चंडीगढ़। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई माई भारत के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को नेतृत्व, विचार-विमर्श और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में शामिल करना है। प्रवक्ता ने बताया कि यह संवाद युवाओं को विकसित भारत 2047 के विजन से जोड़ने का बेहतरीन मंच है। कार्यक्रम की शुरुआत माई भारत क्विज से हो गई है, जो 12 भाषाओं में आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण में भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है जिसमें 10 हजार विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके बाद निबंध लेखन, प्रस्तुति और संवाद सत्र के अगले चरण होंगे। युवा लिंक के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लिया जा सकता है।

## वैवाहिक विवाद मामले एक मंत्री पर गंभीर आरोप, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

चंडीगढ़। हाईकोर्ट ने एक वैवाहिक विवाद मामले की जांच रिपोर्ट बदलने की कोशिश करने व जांच अधिकारी पर एक मंत्री द्वारा दवाब डालने के आरोप की याचिका पर हरियाणा सरकार, हरियाणा व चंडीगढ़ के डीजीपी , अंबाला के एसपी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। हाई कोर्ट ने यह नोटिस मानसा निवासी शेखर व अन्य द्वारा दायर याचिका पर जारी किया। कोर्ट से आग्रह किया गया है कि शिकायत संख्या 514-एसपी, 30 मई 2025 की जांच तथा उसके आधार पर होने वाली आगे की कार्यवाही, जिसमें एफआईआर का पंजीकरण भी शामिल है, हरियाणा से बाहर स्थानांतरित की जाए। याचिकाकर्ता ने अपनी प्रार्थना में कहा है कि जांच को या तो पंजाब अथवा यूटी चंडीगढ़ के किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को सौंपा जाए, ताकि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से की जा सके तथा कानून की प्रक्रिया पर लोगों का विश्वास बहाल हो।

## उचाना विधायक की याचिका खारिज



चंडीगढ़। जींद जिले की उचाना विधानसभा सीट पर चुनाव जीते भाजपा विधायक देवेंद्र अत्री की जीत को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है। वीरवार को हाई कोर्ट ने अत्री की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें उसने बृजेंद्र सिंह की चुनाव याचिका को कानूनी अनुचित बताते हुए खारिज करने की मांग की थी। कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने देवेंद्र अत्री के विरुद्ध यह याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई चल रही है।विधायक देवेंद्र अत्री की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यपाल जैन ने हाईकोर्ट को बताया था कि चुनाव याचिका का कोई आधार नहीं है। कोर्ट ने इस अर्जी पर सभी पक्षों को सुनने के बाद पिछले बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उचाना सीट से चुनाव जीते भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र चतुर्भुज अत्री को कुल 48 हजार 968 वोट मिले थे, जबकि पूर्व सांसद एवं कांग्रेस उम्मीदवार बृजेंद्र सिंह को 48 हजार 936 मत पड़े थे।

### एनडीपीएस के 655 मामलों में आरोपी फरार

चंडीगढ़। हरियाणा में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों की जांच में ढिलाई सामने आई है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने ऐसे मामलों की त्वरित जांच के आदेश देते हुए पुलिस महानिदेशक से हलफनामा मांगा था। पुलिस महानिदेशक ने हाई कोर्ट में शपथ पत्र दायर कर जानकारी दी कि प्रदेश में एनडीपीएस के दर्ज 655 मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी पिछले छह माह से अधिक समय से नहीं हो पाई है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा गुरूग्राम के तहत गुरूग्राम और फरीदाबाद जिले में अग्रलिखित में स्थित 3 अदद टोल प्लाजा में मौजूद भूमि के लिए प्रिकास्ट चारदिवारी का निर्माण :- I) गांव बंधवारी ओवर गुरूग्राम ओवर गुरूग्राम-फरीदाबाद रोड (एमडीआर-137, II) रोड आईडी-8752, बल्लभगढ़ सोहना रोड पर गांव पखाल और गांव सांचोली (एमडीआर-133) रोड आईडी-8647. | बंद होने की तिथि 26.09.2025 | 68.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | लघु सचिवालय जीन्द के एक्सटेंशन ब्लॉक में कांफ्रेंस हॉल में ओडियो कांफ्रेंस सिस्टम का प्रावधान + 2 कार्य। | 16.09.2025 24.09.2025 | 11.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में चैनेज 2.800 से 3.780 (एचबीआर चौक से वाइन शॉप बहरामपुर चौक) तक कि.मी. 0 से 470 तक (रोड आईडी-3070) मेदावास उल्लावास बहरामपुर रोड पर सीवरेज और जलापूर्ति लाइन बिछाने के लिए बी.टी. बिल के तहत क्षतिग्रस्त रोड का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 23.09.2025 | 47.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा, चण्डीगढ़ | डीटीआई, मुरथल, सोनीपत, हरियाणा में इलैक्ट्रिक बसों हेतु बस डिपो के विकास के लिए ऑनलाइन निविदा। | 18.09.2025 08.10.2025 | 1244 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 5 | कृषि एवं किसान कल्याण, हिसार | गांव कैमरी ब्लॉक हिसार 1 में वर्टीकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से भूमि विकास कार्यक्रम। | 15.09.2025 29.09.2025 | 195.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 asohisar@gmail.com |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण, हिसार | गांव दहीमा ब्लॉक हिसार-I, जिला-हिसार में वर्टीकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से भूमि विकास कार्यक्रम। | 29.09.2025 15.09.2025 | 151.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 ascohisar@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण, हिसार | गांव खरबाला ब्लॉक हांसी-II, जिला-हिसार में वर्टीकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट पार्ट-2 द्वारा वाटरलॉगिंग भूमि का सुधार। | 29.09.2025 15.09.2025 | 77.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 ascohisar@gmail.com |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 5 वर्ष की अवधि के लिए सीएएक्यूएमएस के 25 स्टेशनों हेतु डेटा के प्रचालन और रखरखाव सेवाओं का नवीनीकरण। | 19.09.2025 03.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 5 वर्ष की अवधि के लिए सीएएक्यूएमएस के 3 स्टेशनों हेतु डेटा के प्रचालन और रखरखाव सेवाओं का नवीनीकरण। | 19.09.2025 03.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | जिला परिषद पानीपत | बीपीएल - गांव पसीना कलां, ब्लॉक बापौली, जिला पानीपत में वाल्मिकी चौपाल के सामने सामुदायिक हॉल का निर्माण। | 12.09.2025 22.09.2025 | 29.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज करनाल | गांव गोल्ली, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में पशु चिकित्सालय का निर्माण + 1 कार्य। | 16.09.2025 08.10.2025 | 47.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज झज्जर | गांव खेड़ी खुम्मार, ब्लॉक व जिला झज्जर में पार्क-सह-व्यायामशाला में शौचालय, वॉकिंग ट्रैक और अन्य सिविल कार्यों का निर्माण। | 16.09.2025 22.09.2025 | 10.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | बिर मथाना - गांव बिर मथाना, ब्लॉक पिपली, जिला कुरूक्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र द्वितीय भाग (पूर्ण) का निर्माण। | 16.09.2025 26.09.2025 | 107.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | भल्लेर - गांव भल्लेर, ब्लॉक लाडवा, जिला कुरूक्षेत्र में भल्लेर-भल्लेरी में खराब पानी के नाले का निर्माण + 7 कार्य। | 16.09.2025 01.10.2025 | 66.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 15 | बागवानी विभाग, सी.ई.वी., घरौंडा, करनाल | सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र (आईआईएपी), घरौंडा (करनाल) में हाइड्रोपोनिक यूनिट का निर्माण। | 19.09.2025 10.10.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416297995 ddh.cev@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/300/38873/I/88/6 दि. 18.09.25

रोहतक

शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 12, अंक : 230
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 36.9
न्यून. 24.2

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,013.96 | 320.25 ▲ |
| निफ्टी | 25,423.60 | 93.35 ▲ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,13,200/- | 600/- ▼ |
| चांदी | 1,31,500/- | 300/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 88.13 | 28 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 67.66 बैरल | 0.43% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*






## खबर संक्षेप

### मारुति सुजुकी करेगी कीमतों में कटौती



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि वह वाहनों की कीमत में 22 सितंबर से 1.29 लाख रुपये तक की कटौती करेगी। जीएसटी की दर कम होने के बाद कंपनी ने कीमतों में संशोधन किया है। *एजेंसी*

### सिख शादियों का रजिस्ट्रेशन आनंद मैरिज एक्ट के तहत हो




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कई राज्यों को निर्देश दिया है कि वे 1909 के आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख शादियों (आनंद कारज) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था 4 महीने में लागू करें। कोर्ट ने कहा कि नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा है। *एजेंसी*

### ऑनलाइन गेमिंग कानून एक अक्टूबर से



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और नियमन अधिनियम एक अक्टूबर से लागू होगा। संसद में पिछले महीने पारित यह अधिनियम, ई-स्पोर्ट्स और अन्य ऑनलाइन गेम को बढ़ावा देता है। *एजेंसी*

### मालेगांव बम ब्लास्ट केस अब हाईकोर्ट पहुंचा



**भोपाल।** मालेगांव ब्लास्ट से प्रभावित परिवारों की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित सहित सभी सातों आरोपियों को नोटिस जारी किया है। साल 2008 के मालेगांव बम ब्लास्ट केस में एनआईए की स्पेशल कोर्ट के फैसले को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी है। *एजेंसी*

---

**ऊर्जा मंत्री विज के निर्देश**

**जल्द होंगे टेंडर, पोस्टपेड व प्रीपेड का भी विकल्प मिलेगा**

# प्रदेश में सबसे पहले मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसदों, विधायकों और अधिकारियों के घर पर लगेंगे बिजली के स्मार्ट मीटर


## गांवों में सोलर पावर हाउस स्थापित करने की योजना पर कार्य जारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक और सरकारी अधिकारी/कर्मचारियों के आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसके बाद दूसरे चरण में आम उपभोक्ताओं तक इस योजना को विस्तारित किया जाएगा। अनिल विज ने कहा कि जल्द ही स्मार्ट मीटर लगाने के लिए टेंडर होंगे। इसके अलावा, सोसायटीज में भी प्रत्येक व्यक्ति को स्मार्ट मीटर देने के संबंध में विचार चल रहा है। चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान विज ने कहा कि उपभोक्ताओं को प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे। जिस तरह हर व्यक्ति प्रीपेड या पोस्टपेड मोबाइल का उपयोग करता है, उसी तरह बिजली मीटर में भी उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार विकल्प चुन सकेंगे।

**दूसरे चरण में आम उपभोक्ताओं तक किया जाएगा योजना का विस्तार**



### डिफॉल्टर उपभोक्ताओं पर 7500 करोड़ रुपये की राशि बकाया

प्रदेश के बिजली डिफॉल्टर उपभोक्ताओं पर लगभग 7500 करोड़ की बकाया राशि है। इस संबंध में अधीक्षण अभियंताओं एवं वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बकाया राशि की शीघ्र वसूली सुनिश्चित की जाए।

**सख्ती से होगी वसूली :** विज ने बताया कि बिजली बकाया से जुड़े कई मामले न्यायालयों में भी लंबित हैं और इन पर तेजी से कार्रवाई के लिए विभाग को निर्देश दिए जा चुके हैं।

### सोलर पावर हाउस स्थापित करने के लिए चिन्हित की भूमि

विज ने कहा कि गांवों में सोलर पावर हाउस स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है और इसे पायलट आधार पर शुरू किया जाएगा। हाल ही में उत्तर भारत के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में उन्होंने यह सुझाव रखा था, जिसे सभी मंत्रियों और अधिकारियों ने सराहा था। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक गांव के लोड की गणना कर उतनी क्षमता का सोलर पावर हाउस स्थापित कर दिया जाए तो गांव आत्मनिर्भर बनेंगे और प्रदेश बिजली के क्षेत्र में सरप्लस हो सकेगा।

---

# 'वोट चोरी' पर और बढ़ी तकरार

## जान बूझकर कांग्रेस के वोटों को निशाना बनाया जा रहा : राहुल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को मतदाता सूचियों से ''कांग्रेस समर्थक मतदाताओं'' के नाम हटाए जाने का विषय उठाया और आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ''लोकतंत्र की हत्या करने वालों'' तथा ''वोट चोरों'' की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीईसी को ''बहाने बनाना'' बंद करके कर्नाटक की सीआईडी को 'वोट चोरी' का सबूत सौंपना चाहिए। राहुल गांधी ने 'इंदिरा भवन' में संवाददाता सम्मेलन में ये बातें कहीं। राहुल ने कहा कि इसके साफ सबूत हैं। इसमें कोई कन्फ्यूजन नहीं है।

### सुनियोजित तरीके से हटाए नाम



'वोट चोरों' की रक्षा कर रहे हैं सीईसी, कर्नाटक की सीआईडी को सबूत सौंपना चाहिए

राहुल गांधी ने कहा कि एक सुनियोजित तरीके से मतदाता सूची से नामों को हटाया गया। ऐसा कांग्रेस के मतदाताओं को निशाना बनाकर किया गया तथा दलित, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक मतदाताओं को विशेष रूप से निशाना बनाया गया। बीते एक सितंबर को पटना में भी 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन के मौके पर 'वोट चोरी' से जुड़े अपने पहले के खुलासे का हवाला देते हुए दावा किया था कि ''एटम बम'' के बाद अब ''हाइड्रोजन बम'' आने वाला है, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों को अपना ''मुंह नहीं दिखा पाएंगे''। उन्होंने बेंगलुरु के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में कथित वोट चोरी का मुद्दा बीते सात अगस्त को संवाददाता सम्मेलन के जरिए उठाया था। इस खुलासे को उन्होंने एटम बम कहा था।

## राहुल गांधी के आरोप निराधार, बिना पक्ष सुने नाम नहीं हटा सकते : ईसी

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 'वोट चोरों' की रक्षा करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को गलत और निराधार बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि संबंधित व्यक्ति का पक्ष सुने बिना कोई भी नाम हटाया नहीं जा सकता। राहुल ने गलत धारणा बनाई है। आयोग ने कहा, ''राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बनाई है।'राहुल ने आरोप लगाया कि कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट सुनियोजित तरीके से हटाए जा रहे थे।

### गांधी ने गलत धारणा बनाई



नाम हटाने के 'कुछ असफल प्रयास' किए गए थे और आयोग ने खुद प्राथमिकी दर्ज कराई थी

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार, आलंद विधानसभा क्षेत्र से 2018 में सुभाष गुट्टेदार (भाजपा) ने और 2023 में बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीत दर्ज की थी। 'राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। उसने यह भी कहा कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के ''कुछ असफल प्रयास'' किए गए थे और मामले की जांच के लिए आयोग के अधिकारियों ने खुद एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कोई भी आम नागरिक ऑनलाइन किसी का भी वोट डिलीट नहीं कर सकता। किसी का वोट डिलीट करने से पहले संबंधित व्यक्ति को अपनी बात रखने का मौका दिया जाता है। वहीं, कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि दिसंबर 2022 को आलंद में इलेक्शन रजिस्ट्रेशन ऑफिसर को फॉर्म 7 के 6,018 आवेदन प्राप्त हुए थे।

**राहुल बोले-वोट चोरी के साफ सबूत हैं। इसमें कोई कन्फ्यूजन नहीं है।**

●

**दलित, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक मतदाताओं को विशेष रूप से निशाना बनाया गया**

## राहुल 'घुसपैठिये प्रथम' की राजनीति के पक्ष में हैं खड़े



अनुराग ठाकुर बोले, अराजकता फैलाने की कर रहे हैं चेष्टा कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा ने दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बार-बार लगाए गए आरोप भारतीय लोकतंत्र में उनके विश्वास के अभाव को दर्शाते हैं। भाजपा ने उन पर अराजकता फैलाने तथा भारत में नेपाल और बांग्लादेश जैसी अशांति पैदा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ''घुसपैठिए प्रथम की राजनीति'' गांधी का एकमात्र एजेंडा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हितों की बात कर सकते हैं, लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा करायी जा रही मतदाता सूची की समीक्षा का विरोध करके अवैध मतदाताओं को बचाने की उनकी कोशिश इन समुदायों के हितों को नुकसान पहुंचाएगी।

**सीईसी ने कहा-किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता**

●

**2018 में आलंद सीट भाजपा के सुभाष गुट्टेदार ने और 2023 में कांग्रेस के बीआर पाटिल ने जीती**

---



**पहाड़ों पर बादल प्रलय**

# उत्तराखंड के चमोली में बादल फटा, 14 लापता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड में दो दिन में दूसरी बार बादल फटा है। 17 सितंबर की रात चमोली जिले के नंदानगर घाट में बादल फटा। यहां कुंटरी लंगाफली वार्ड में छह घर मलबे में दब गए। 14 लोग लापता हैं और 20 लोग घायल हैं। अब तक 2 लोग रेस्क्यू किए गए। इससे पहले 16 सितंबर को देहरादून में बादल फटा था। देहरादून से मसूरी का 35 किलोमीटर का रास्ता कई जगह क्षतिग्रस्त है।

**मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स फंसे हिमाचल में अब तक 419 मौतें**

### देश में अबतक 8% ज्यादा बारिश

देश में इस साल 24 मई को दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल पहुंचा था। देश में अब तक सामान्य से 8% ज्यादा बारिश हो चुकी है। 3 राज्यों राजस्थान (पश्चिम), पंजाब और हरियाणा से मानसून की विदाई शुरू भी हो चुकी है, लेकिन इसके जाते-जाते भी देश के 7 राज्यों में तेज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग और ग्लोबल फोरकास्ट सिस्टम के मुताबिक, सितंबर के आखिरी कुछ दिन और अक्टूबर की शुरुआत तक एक बड़े कम दबाव के क्षेत्र के साथ जबरदस्त बारिश के आसार हैं।

### प्रदेश के 3 जिलों में बारिश, मानसून की विदाई

प्रदेश के 3 जिलों में गुरुवार को बारिश हुई। झज्जर और कुरुक्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। वहीं, यमुनानगर के कुछ हिस्सों में सुबह हल्की बारिश हुई। हिमाचल के नाहन में हो रही लगातार बारिश के कारण एकबार फिर कुरुक्षेत्र में मारकंडा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 6 जिलों में आज बारिश हो सकती है, इन जिलों में पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल और पानीपत शामिल हैं। उधर, बुधवार रात यमुनानगर के गांव लेदा खादर में शिव मंदिर पर बिजली गिर गई। इससे मंदिर का गुंबद टूट गया। इसके साथ ही मौसम विभाग का कहना है कि 19 सितंबर के बाद बारिश का दौर थम जाएगा और 20-21 सितंबर को सभी जिलों में मौसम साफ रहेगा। हिसार कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग अध्यक्ष डॉ. मदनलाल खीचड़ ने भी आज पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और करनाल के ज्यादातर हिस्सों में बारिश का अनुमान जताया है।

---

**विश्व कुश्ती चैंपियनशिप**

## हिसार की रेसलर अंतिम पंघाल ने जीता कांस्य पदक



स्वीडन की माल्मग्रेन को शानदार अंदाज में 9-1 से रौंदा

**वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का खाता खोला**

**जागरेब (भाषा)।** हिसार की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने मजबूत डिफेंस और सधे हुए आक्रमण का मिश्रण करते हुए बृहस्पतिवार को यहां 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक के प्ले ऑफ में अंडर-23 विश्व चैंपियन स्वीडन की ऐमा जोना डेनिस माल्मग्रेन पर 9-1 से जीत हासिल करके विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक जीता। इस 21 वर्षीय पहलवान ने 2023 विश्व चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। प्रतियोगिता के पहले दिन अमन सहरावत के चौंकाने वाले डिस्क्वालीफिकेशन के बाद से ही भारतीय पहलवान असहाय से दिख रहे थे लेकिन अंतिम ने सुनिश्चित किया कि इस टूर्नामेंट में देश की पदक जीतने की परंपरा जारी रहेगी। ग्रीको रोमन में चार पहलवानों में से कोई भी एक भी मुकाबला नहीं जीत सका।

**गुरुग्राम में वारदात**

## इंस्टाग्राम दोस्तों ने छात्रा का अपहरण कर किया गैंगरेप

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** शिवाजी नगर थाना एरिया में इंस्टाग्राम दोस्तों द्वारा छात्रा का किडनेप कर उसके साथ गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम से बने दो दोस्त 11वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा का कार में अपहरण कर जंगल में ले गए। जहां उसके साथ रेप करने के बाद वापस उसके घर के पास छोड़कर फरार हो गए। छात्रा जब घर पहुंची तो घबराई हुई थी। माता-पिता ने जब उससे पूछताछ की तो वह रोने लगी और बेहोश हो गई। होश में आने के बाद उसने आपबीती बताई। शिवाजी नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि कल जब वह अपने ट्यूशन जा रही थी तो उसके दोनों इंस्टाग्राम दोस्त गाड़ी लेकर आए और उसे जबरन अपने साथ चलने के लिए कहने लगे। मना करने पर वह उसे जबरन अपने साथ जंगल में ले गए जहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

**कोचिंग सेंटर जाते वक्त अपहरण कर जंगल में ले गए**

**घर के पास छोड़कर हुए फरार**

**मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने जताई उम्मीद**

# 30 नवंबर को भारत पर लगाया 25% टैरिफ हटा सकते हैं ट्रंप

**भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील की संभावना बढ़ी, हम सभी पहले से ही काम पर लगे हुए**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका द्वारा लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ 30 नवंबर के बाद वापस लिया जा सकता है। उनके इस बयान से साफ हो गया है कि 30 नवंबर से पहले भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर कुछ बड़ा होने वाला है। कोलकाता में मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए, सीईए ने कहा, हम सभी पहले से ही काम पर लगे हुए हैं, और मैं यहां टैरिफ के बारे में बात करने के लिए कुछ समय लूंगा। हां, 25 प्रतिशत का मूल पारस्परिक टैरिफ और 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ, दोनों की उम्मीद नहीं थी।

**वार्ता काफी सकारात्मक रही**

### 30 नवंबर के बाद नहीं लगेगा दंडात्मक टैरिफ

उन्होंने कहा, मेरा अब भी मानना है कि भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण ही दूसरा 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया होगा, लेकिन पिछले कुछ हफ़्तों के हालिया घटनाक्रमों को देखते हुए, मैं ऐसा मानता हूं और मेरे पास ऐसा कहने का कोई विशेष कारण नहीं है, इसलिए मेरा मानना है कि 30 नवंबर के बाद दंडात्मक टैरिफ नहीं लगेगा।




**ट्रेड डील से निकलेगा समाधान :** मनागेश्वरन का यह बयान आर्थिक चर्चाओं के बीच व्यापार प्रतिबंधों में संभावित ढील की ओर इशारा करता है। 16 सितंबर को भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर वार्ता हुई थी। दोनों देशों के बीच ट्रेड डील को लेकर हुई यह वार्ता काफी सकारात्मक रही। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि अगले कुछ महीनों में पारस्परिक शुल्कों पर भी समाधान हो जाएगा।

### अमेरिका का भारत को फिर झटका, ईरान के चाबहार बंदरगाह पर दी छूट ली वापस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को विकसित करने की अनुमति देने वाली 2018 की प्रतिबंध छूट वापस ले ली है। अब 29 सितंबर से अमेरिकी ट्रेजरी चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वाले व्यक्तियों पर प्रतिबंध को लागू करेगी। ऐसे में अगर कोई भी व्यक्ति या कंपनी चाबहार बंदरगाह का ऑपरेशन संभालती है तो उस पर अमेरिका में प्रतिबंध लग जाएगा। इसे भारत के लिए बहुत बड़ा झटका बताया जा रहा है। भारत ने चाबहार बंदरगाह को विकसित करने में अरबों रुपये का निवेश किया है। ऐसे में अमेरिकी प्रतिबंध से न सिर्फ निवेश डूबने का खतरा है, बल्कि भारत की रणनीतिक तैयारियों को भी झटका लगेगा।

# नूंह: अपना पैसा वापस लो, बैंकों में लगी भीड़

## मोबिकविक एप से लोगों के खातों में आई थी रकम

## लघु सचिवालय में एप की टीम ने लगाया शिविर

### तकनीकी सुरक्षा चूक व अन्य कारणों से आ गए थे खातों में पैसे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नूंह

जिले में 11/12 सितंबर को तकनीकी सुरक्षा चूक व अन्य कारणों से मोबिकविक एप के द्वारा पैसे का लेन - देन और मोबिकविक एप्प के माध्यम से अनाधिकृत भुगतान प्राप्त हुआ था। उस रकम को वापस करने के लिए दिनांक 16 सितंबर 2025 से दिनांक 23 सितंबर 2025 तक लघु सचिवालय में निः संकोच मोबिकविक एप की टीम ने शिविर लगाया हुआ है । नूँह ज़िले में जिन लोगों के खातों में मोबिकविक ऐप के माध्यम से पैसे आए हैं वो लोग लगातार लघु सचिवालय पहुँच रहे हैं और पैसों को जमा करा रहे हैं। लेकिन पैसे जमा करने जा रहे लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । लोगों ने बताया कि किसी कारणवश हमारे खातों में पैसा जमा हो गया, लेकिन अब हमें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । कारोबार व अन्य कामों को छोड़कर आना पड़ रहा है, लेकिन यहां पर बड़ी परेशानी हो रही है। सुबह से शाम तक भी रकम जमा नहीं हो रही है । समाज सेवी हिदायत कमांडो ने बताया कि हमने लोगों से आह्वान किया था कि जिनके खातों में पैसे आए हैं वो टीम को आकर लघु सचिवालय में पैसों को जमा करा दें और भी किसी तरह की कोई समस्या है उसका निवारण कराए। लोग लगातार पैसों को जमा कराने लघु सचिवालय पहुंच रहे हैं।



नूँह। मोबिकविक में रकम जमा कराने एसपी कार्यालय में आई भीड़।

#### अब सभी अकाउंटों को फ्रीज कर दिया

समाजसेवी कमांडो हिदायत खान ने बताया कि लोगों के खातों में पैसे आए किसी ने पेट्रोल डलवाया तो किसी ने खाना खाया या किसी ने कोई अन्य सामान लिया। अब उन सभी अकाउंटों को फ्रीज कर दिया गया है। जिससे लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । उन्होंने कहा कि हमने मोबिकविक टीम के लोगों से कहा है कि जल्द से जल्द लोगों के कामों को निपटाओ और जिन लोगों से रिकवरी हो चुकी है, उनके अकाउंट को खोला जाए ताकि मेवात के लोग निडर होकर पैसों को जमा करा दें । उन्होंने कहा कि इस ऐप से अब कहीं न कहीं लोगों का विश्वास उठ जाएगा।

### करनाल में सूदखोरों पर बड़ी कार्रवाई

# पुलिस ने 22 केस दर्ज कर 23 को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

जिले में सूदखोरी से परेशान लोगों को राहत देने के लिए पुलिस ने सितम्बर के पहले 15 दिनों में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 22 मामले दर्ज कर 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अब तक लगभग 500 पीड़ितों की पहचान की गई है। आरोपियों ने उनसे बिना तारीख वाले चेक, जमीन-प्लॉट के इकरारनामे और वाहन गिरवी रखवाए थे। मूल रकम लौटाने के बाद भी पीड़ितों को दस्तावेज या वाहन वापस नहीं मिलते थे। पुलिस ने छापेमारी में 210 चेक, 73 रजिस्टर, 7 वाहन, 19 एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं।

#### कोर्ट में पेश किया

पुलिस ने कहा कि आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जांच के बाद सभी दस्तावेजों का परीक्षण कर उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि वे सूदखोरी का शिकार हुए हैं तो तुरंत संबंधित थाने या एसपी कार्यालय में इसकी जानकारी दें तो इन पर शिकंजा कसा जा सकेगा।

### कैथल के गांव टीक के पास वारदात

## बदमाशों ने चावल से भरे ट्रक के ड्राइवर पर पथराव कर चावल लूटे

**कैथल।** गांव टीक के निकट बाइक सवार बदमाशों ने चावल से भरे ट्रक के ड्राइवर पर पथराव कर हजारों रुपये के चावल लूट लिए। गांव कोयल के रोहित ने सदर थाना में दी शिकायत में बताया कि उसके पास 18 टायर वाला ट्रक है, जिस पर वह लोडिंग का काम करता है। दो दिन पहले वह गांव गढ़ी जिला जींद से एसजीएस ओवरसीस से 800 कट्टे चावल बासमती लेकर शिव शक्ति इंटरप्राइज मिठापुर जिला अंबाला के लिए लेकर जा रहा था। रात को करीब साढ़े 12 बजे वह जब गांव टीक में पहुंचा तो उसे कुछ आवाज सुनाई दी। टायर चेक करने उतरा तो कुछ लोगों ने पथराव कर दिया।

#### ट्रक में लेकर भागा

रोहित ने कहा कि कुछ लोग ट्रक के ऊपर चावल के थैले लूटने के लिए चढ़े थे तथा थैलों फेंक रहे थे। उसने ट्रक ढांड की तरफ भगा लिया। दो बाइक पर वे व्यक्ति पीछा करने लगे। उसने 112 पर फोन किया और पुलिस पहुंच गई। सदर थाना प्रभारी सनेष कुमार ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोषियों

## पानीपत में रोडवेज की बस खंभे से टकराई, 14 घायल

■ डाहर टोल प्लाजा के पास हादसा बस में 33 सवार थी

**इसराना।** चंडीगढ से रोहतक जा रही हरियाणा रोडवेज की रोहतक डिपों की बस गुरुवार को पानीपत में डाहर टोल प्लाजा के पास बिजली के खंभे से टकरा गई। वहीं ड्राइवर अजीत सिंह बताया कि कार को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ है। बस में कुल 35 यात्री सवार थे। वहीं, घायलों को एनसी मेडिकल कॉलेज इसराना में भर्ती करवाया गया है। कॉलेज के सुपरिटेंडेंट वीना संजय ने कहा कि घायलों में दो साल की नायरा, सतवंती, अनु, बेबी वंशिका, शौर्य, महेश, पूनम, अनु, सुशील कुमार, कृष्ण कुमार, सुमित्रा, कमलेश, नेहा, विकास और फूलपति शामिल है। इधर, इसराना थाना पुलिस ने इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### पावर ग्रिड योजना से जुड़ी जमीन बेचने का मामला

# कैथल में ई-भूमि पोर्टल पर किसानों से धोखाधड़ी

### किसानों के फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

कैथल जिले के कलायत में पावर ग्रिड योजना से जुड़ी जमीन बेचने के लिए ई-भूमि पोर्टल पर किसानों के फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठों के इस्तेमाल का मामला सामने आया है। किसानों ने इसे बड़ी धोखाधड़ी बताते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर जांच की मांग की है। जांच के दौरान किसानों ने फर्जीवाड़े के कई सबूत पेश किए हैं।

किसानों के अनुसार, नटवरलालों ने कागजों पर केवल अंगूठे ही नहीं, बल्कि छोटी उंगली के भी फर्जी निशान लगाए हैं। एक एग्रीगेट ने दस्तावेज पेश करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। उप मंडल मुख्यालय पर बड़ी संख्या में किसान, जिनमें महिला किसान भी शामिल थीं, सच्चाई के सबूत लेकर पहुंचे। उन्होंने फर्जी हस्ताक्षर और अंगूठे लगाने वालों को जेल भेजने की मांग की है।



कैथल। कलायत के लघु सचिवालय में नारेबाजी करते किसान

#### जांच में कई एजेंसियां सक्रिय

किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर जांच की मांग की है। एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी ने हस्ताक्षर और अंगूठे के नमूने लिए हैं। हरियाणा में अपनी तरह के इस जमीनी घोटाले की जांच में राज्य की कई जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं।

#### रजिस्ट्री की जांच हो

किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री से जमीन की रजिस्ट्री तुरंत रोकने और अब तक हुई सभी रजिस्ट्रियों की सिरे से जांच कराने की फरियाद की है। मामले में राजस्व अधिकारियों पर भी उंगलियां उठ रही हैं। किसानों ने अपनी निजी संपति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

#### ई-भूमि पोर्टल जैसी पारदर्शी नीति बनाई

सरकार ने ई-भूमि पोर्टल जैसी पारदर्शी नीति बनाई है। इस डिजिटल व्यवस्था का लक्ष्य जमीनी को खरीद की आड़ में तमाम तरह के गड़बड़झालों को रोकना है। लेकिन कुछ नटवरलाल इस मामले में किसानों के साथ धोखाधड़ी का जाल बुन रहे हैं। ये लोग अपनी निजी फायदे के लिए इस हद से गुजर गए कि किसानों की जमीनों के खुद मालिक बनकर इसे बेचने का आफर पोर्टल पर कर डाला। किसानों के हाथ अब ऐसे साक्ष्य लग गए हैं जिससे फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठे लगाने वालों के चेहरे सामने आ गए हैं। इनके खिलाफ तुरंत प्रभाव से मामला दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर वे सीएम से मिलेंगे। इसके साथ ही न्यायालय में जमीन की पैरवी की जाएगी। किसानों की बैठक में सुभाष नामक ग्रामीण ने बताया कि पिता-पुत्र ने घर-घर जाकर कागजी कार्रवाई करने के बजाय सीधे पोर्टल पर फर्जीवाड़ा किया। इसमें बनावटी हस्ताक्षर और एक हाथ की अलग-अलग उंगलियों से अंगूठे के फर्जी निशान बनाए गए।

## शराब ठेकेदार व सरपंच प्रतिनिधि हत्याकांड में सात को उम्रकैद

■ 48-48 हजार जुर्माना भी लगाया

**जींद।** एडिशनल सेशन जज नेहा नोहरिया की अदालत ने सात साल पहले हुए शराब ठेकेदार व सरपंच प्रतिनिधि हत्याकांड में सात लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सफीदों क्षेत्र के गांव साहनपुर निवासी राजकरण ने पांच जून 2016 को सफीदों थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पांच जून सुबह उसका भाई नरेंद्र राठी उसके साढू सतपाल के साथ कार से गांव साहनपुर जा रहा था। गांव के निकट ही सवार बदमाशों ने उनका रास्ता रोक कर अंधाधुंध फायरिंग शुरु कर दी। जिसमें नरेंद्र राठी को पांच गोलियां और सतपाल को गोली लगी। जिन्हें पानीपत के निजी अस्पताल में ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान नरेंद्र राठी की मौत हो गई थी। नरेंद्र राठी की पत्नी मंजू उस दौरान गांव की सरपंच थी। पुलिस ने राजकरण की शिकायत पर गांव ईक्कस निवासी अशोक उर्फ शोकी, गांव सिवाहा निवासी प्रसन्ना उर्फ लंबू सहित छह लोगों को नामजद कर 22 लोगों खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस जांच में गांव गुमर गन्नौर निवासी धर्मराज उर्फ धर्मा, संदीप उर्फ काला, विशाल, राजेश, जगदीप उर्फ दुखी का भी नाम सामने आया था।

**नीलामी सूचना**

**सहायक निदेशक,
मुर्रह बुल स्टेशन,
हांसी रोड पुलिस लाईन के सामने भिवानी।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुर्राह बुल स्टेशन, भिवानी पर उपलब्ध मुर्राह नस्ल के 12 कटड़ों की नीलामी खुली बोली द्वारा दिनांक 25.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे सहायक निदेशक, मुर्राह बुल स्टेशन, भिवानी के कार्यालय में की जाएगी। बोली दाता को रूपये 20,000/-(बीस हजार रूपये) बतौर धरोहर राशि मौके पर सहायक निदेशक मुर्राह बुल स्टेशन, भिवानी के कार्यालय में जमा करवानी होगी। नीलामी समिति का निर्णय अंतिम होगा और अन्य शर्तों के बारे में मौके पर सुना दिया जायेगा।

सहायक निदेशक,
मुर्राह बुल स्टेशन, भिवानी।

संवाद-1201/11/4/2026/38879/सी/88/6 दि. 18.09.25

**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, जाटूसाना, जिला रेवाड़ी**
नजदीक रेलवे स्टेशन, जाटूसाना, Email Id: bdpojatusana@gmail.com

**प्रेस नोट**

**कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, जाटूसाना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड जाटूसाना हेतु मनरेगा (सोशल आडिट कैलेन्डर अनुसार) करवाने हेतु ब्लाक रिसोर्स पर्सन की नियुक्ति प्रति कार्य दिवस राशि 750/-रू. के मानदेय के आधार पर की जानी है प्रति वर्ष कार्यदिवसों की संख्या का अनुदान जारी (सोशल आडिट कैलेन्डर अनुसार) होगा। अभ्यार्थी स्नातक हो, कम्पयुटर एम०आई०एस० का ज्ञान सहित Android Mobile प्रयोग में सक्षम हो। पहले कार्यरत वी०आर०पी० सोशल आडिट को वरीयता दी जाएगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप व शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी जाटूसाना कार्यालय मनरेगा शाखा में समस्त जरूरी दस्तावेजों की प्रति सहित 24.09.2025 तक दोपहर 11:00 बजे से पहले जमा करवाना सुनिश्चित करे।

**नोट :- पद हेतु साक्षात्कार दिनांक 24.09.2025 को खण्ड कार्यालय जाटूसाना में 12:00 बजे होगा।**

हस्ता/- खण्ड विकास एवं
पंचायत अधिकारी, जाटूसाना।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

### राजस्थान पुलिस की गाडी और पिकअप में टक्कर

### लकड़ी माफियाओं का पीछा करते हादसा

# हादसे में पुलिस अधिकारी की मौत दो कर्मियों सहित चार लोग घायल

**लोहारू।** बुधवार देर सायं लोहारू-जयपुर मुख्य सडक़ मार्ग पर लोहारू और ढाणी रहीमपुर गांव की सीमा के पास राजस्थान पुलिस की गाड़ी और पिकअप की आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। जिसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई जबकि दो पुलिसकर्मियों सहित दूसरी पिकअप गाड़ी में दो युवक घायल हो गए। लोहारू पुलिस ने घायलों को लोहारू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस अधिकारी शेर सिंह की रोहतक पीजीआई ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। लोहारू थाना प्रभारी जरनैल सिंह ने बताया कि हादसे में राजस्थान पुलिस की गाड़ी में सवार राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल आसाराम ने बताया कि वह ऑफिशियल ड्यूटि पर थे और गाड़ी सवार थे।

#### ऑफिशियल ड्यूटी पर थी पुलिस

जरनैल सिंह ने बताया कि पुलिस गाड़ी में सवार गाडा खेड़ा पुलिस चौकी इंचार्ज शेरसिंह, करीब 48 वर्षीय कान्सटेबिल आसाराम और पुलिस जवान करीब 37 वर्षीय रमेश घायल हो गए थे। घायलों को लोहारू में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया था। पिकअप में राजस्थान के सुरेंद्र और सुमेर सवार थे। लोहारू से राजस्थान जा रहे थे। सुमेर और सुरेंद्र को पिलानी के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी की मौत के मामले में बताया जा रहा है कि राजस्थान पुलिस वाहन का पीछा कर रही थी। जिसमें सिंघाना क्षेत्र का कोई अपराधी गाड़ी में भाग रहा था तथा राजस्थान पुलिस पीछा कर रही थी। यह भी माना जा रहा है कि जिस वाहन का पीछा किया जा रहा था, वह लकड़ी माफिया का भी हो सकता है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र (ई–नीलामी सूचना)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक–एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एस.एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं; यह ई–नीलामी, जो पूर्व में 23.09.2025 को निर्धारित थी, अब 02 अतिरिक्त लॉट जोड़े जाने के बाद 03.10.2025 को आयोजित की जाएगी।

| | |
|---|---|
| नीलामी केटलॉग सं. | UMB-SLR-11-25 (08 Lots) |
| नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | 03.10.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय | 03.10.2025 at 13:40 hrs. |

| क्र.सं. | ट्रेन संख्या | से–तक | कम्पार्टमेंट |
|---|---|---|---|
| 1. | 12450 | CDG-MAO | FSLR-I |
| 2. | 12232 | CDG-LKO | FSLR-I |
| 3. | 12218 | CDG-TVCN | RSLR-I |
| 4. | 22456 | KLK-SNSI | FSLR-I |
| 5. | 14522 | UMB-DLI | FSLR-I |
| 6. | 19308 | UHL-INDB | FSLR-I |
| 7. | 54557 | UMB-PTA | FSLR-I |
| 8. | 54558 | PTA-UMB | FSLR-I |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है। 2877/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

### भाजपा नेता भवानी को मारने की धमकी मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भाजपा नेता एवं नशे के खिलाफ जिले में अभियान चला रहे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह को जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नवदीप सिंह उर्फ जॉली सुल्तान पुत्र सुरेश कुमार निवासी ढाणी मियां खान, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पुलिस को शिकायत प्राप्त हुई थी कि आरोपी जॉली सुल्तान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर हथियार के साथ फोटो अपलोड की और महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह को अभद्र भाषा में गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि भवानी सिंह समाज सुधार एवं नशा विरोधी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं, जिस कारण उन्हें निशाना बनाया गया। पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।



भाजपा नेता को धमकाने का आरोपी।

# बदमाशों ने कारोबारी को कॉल कर मांगी 50 लाख की रंगदारी

■ पैसे न देने पर परिवार समेत अंजाम भुगतने की दी धमकी

■ पुलिस अधीक्षक ने कारोबारी को मुहैया करवाई पुलिस सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर


मोबाइल कारोबारी के मोबाइल पर कॉल कर बदमाशो ने 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पैसे न देने पर बदामाशों ने उसे व उसके परिवार को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। मोबाइल कारोबारी ने घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक को दी। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उसे पुलिस सुरक्षा मुहैया करवा दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर के प्रेम नगर मॉडल टाउन निवासी मोबाइल कारोबारी ने पुलिस को बताया कि उसकी सचदेवा कम्यूनिकेशन के नाम से मोबाइल की दुकान है। वह शाम को अपनी दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने उससे 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। पैसे न देने पर आरोपी ने उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपी ने फोन कट कर दिया। उसने तुरंत मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक को दी।

#### आरोपी जल्द गिरफ्तार होंगे

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि आरोपियों का पता लगाकर उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शब्द पहेली - 5993




**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष–2
2.आफत,मुसीबत–2
3.यमराज–2
4.तीर, बाण–2
6.आनेवाला दिन–2
7.उत्साह–2
8.उचित, सही–3
9.बंधन–2
10.बाण–2
11.उपवन, जंगल–3
12.सरिता–2
13.शिविर, तंबू–2
14.रुई साफ करना–3
16.फंदा, पाश–2
17.भीरु, डरपोक–3
18.तालाब –2
19.सम्मान–2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या–3
21.श्याम,काले रंग का–2
22.देह, तन, बदन–2
23.चुनना, छांटना–3
24.रघुवीर, सियावर–2
26.जलजला–3
27.कोलाहल–2
28.अवरोध–2
29.दलदल–3
30.पत्नी का भाई–2
31.रिवाज, रस्म–2
32.कक्ष, रूम–3
33.गधा, गर्दभ–2
34.जनकपुत्री–2
36.वोट, राय–2
37.विजय–2
38.मां का भाई–2
39.मूल्य–2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई–2
2.दम, ताकत–2
3.यमराज–2
4.सोना, निद्रा लेना–3
5.धूल, मिट्टी–2
6.शारीरिक ऊंचाई–2
7.बल, दम–2
8.पहचानना–3
9.बंधक–2
10.मोमबत्ती (उर्दू–2)
11.विवश–3
12.भीगा हुआ–2
13.क्रीड़ा–2
14.सहमत–3
15.फंदा–2
16.प्राण–2
17.आकांक्षा–3
18.लॉक–2
19.प्रकृति,धन–2
20.धावक–3
21.कार्य–2
22.सवारी गाड़ी–2
23.जंगल–3
24.झगड़ा–2
25.सरल–2
26.कूड़ा–3
27.अंगारा–2
28.वार्तालाप–2
29.दाम, मूल्य–3
30.सारांश–2
31.खाली–2
32.थोड़ा–2
33.पत्र, चिट्ठी–2
34.हद–2
35.बल, ताकत–2

**शब्द पहेली- 5992 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | रा |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | य | ल |





• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन

90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक

• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे

आदि में सहायक



पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ

हेमपुष्पा

Helpline: 011-23261111

# 30 सितंबर से पहले यूपीएस चुनने का दिया अवसर, अनुरोधों का समय पर हो सकेगा निपटान

सरकार 1 अप्रैल, 2025 से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में पेश किया है। इसके तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान देने की बात कही गई है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे 30 सितंबर की समय सीमा से पहले एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में स्थानांतरित होने का विकल्प चुन लें ताकि उनके अनुरोधों का समय पर निपटान सुनिश्चित किया जा सके। सरकार 1 अप्रैल, 2025 से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में लेकर आई है। इसके तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान देने की बात कही

वित्त मंत्रालय ने कर्मचारियों से की अपील

कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान की बात कही

## केंद्र सरकार ने अपने कर्मियों को आगाह भी किया



### किसी भी कठिनाई से बचने के विकल्प पर ध्यान दें

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एनपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों और पूर्व सेवानिवृत्त लोगों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 है। मंत्रालय ने कहा कि सभी पात्र कर्मचारियों से आग्रह है कि वे अंतिम समय में आने वाली किसी भी कठिनाई से बचने और अपने अनुरोधों पर समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए समय सीमा से पहले ही अपना विकल्प चुन लें। जो कर्मचारी एनपीएस में बने रहना चाहते हैं, वे इस तिथि के बाद यूपीएस का विकल्प नहीं चुन सकते।

### एक बारगी वन-वे स्विच सुविधा की शुरुआत भी की

20 जुलाई तक लगभग 31,555 केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों ने यूपीएस का विकल्प चुना था और इस योजना के तहत नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। इसके अलावा, वित्त मंत्रालय ने 25 अगस्त को नई शुरू की गई यूपीएस से एनपीएस में एक बारगी वन-वे स्विच सुविधा की शुरुआत की।

**कई कर्मचारियों को होगा फायदा**

वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि यूपीएस से एनपीएस में एक बारगी, एकतरफा स्विच सुविधा उन सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्होंने यूपीएस का विकल्प चुना है। इससे कई कार्मचारियों को लाभ पहुंचेगा।

### 3 महीने के पहले किया जा सकेगा चुनाव

इसमें कहा गया है कि यूपीएस ऑप्टीज द्वारा इस स्विच सुविधा का उपयोग किसी भी समय किया जा सकता है, जो सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष पहले या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के मामले में सेवानिवृत्ति की अनुमानित तारीख से तीन महीने पहले हो सकता है, जैसा भी लागू हो।

**'सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी' का लाभ**

सरकार ने यूपीएस के अंतर्गत 'सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी' का लाभ बढ़ा दिया है। इसके अलावा, एनपीएस के तहत यूपीएस का विकल्प चुनने वाले सरकारी कर्मचारी सेवा के दौरान सरकारी कर्मचारी की मृत्यु या अमान्यता या विकलांगता के आधार पर उसकी सेवामुक्ति की स्थिति में सीसीएस (पेंशन) नियम, 2021 या सीसीएस (असाधारण पेंशन) नियम, 2023 के तहत लाभ प्राप्त करने के विकल्प के लिए भी पात्र होंगे। सरकार ने आयकर अधिनियम, 1961 के तहत एनपीएस के समान ही यूपीएस को भी कर लाभ प्रदान किया है।

## खबर संक्षेप

### सीबीआई जांच की मांग, केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और अन्य से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में संगठित बाघ शिकार और अवैध वन्यजीव व्यापार रैकेट की सीबीआई जांच की मांग की गई है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने सुनवाई की।

### मुरादाबाद सपा कार्यालय का आवंटन निरस्त

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका देते हुए जिला प्रशासन ने पार्टी के मुरादाबाद कार्यालय का आवंटन निरस्त कर दिया है। प्रशासन ने आदेश जारी कर सपा को भवन खाली करने के लिए दो सप्ताह का नोटिस भेजा है। नोटिस के अनुसार समयसीमा पूरी होने के बाद भवन पर नगर निगम का कब्जा होगा।

### आजम को क्वालिटी बार पर कब्जा में जमानत

**इलाहाबाद।** रामपुर यहां के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामला में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जेल में



बंद सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां की जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट में जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया। कोर्ट में जमानत अर्जी पर वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्ला और मोहम्मद खालिद ने बहस की थी।

### रिश्तेदारों से संबंध तोड़ने को पति को मजबूर करना क्रूरता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पत्नी द्वारा पति पर इस बात के लिए दबाव बनाना क्रूरता है कि वह अपने परिवार के सदस्यों से संबंध तोड़ ले। इसके साथ ही अदालत ने अलग रह रहे एक जोड़े के विवाह को समाप्त करने के आदेश को बरकरार रखा है।

### नक्सलियों ने की युवक की हत्या, शव बरामद

**बालाघाट/लांजी।** 16 सितंबर की ग्राम पौसेरा निवासी देवेंद्र यादव को पुलिस के मुखबिर होने के शक में मलाजखंड एरिया में नक्सलियों ने उसकी हत्या कर दी। उसकी निर्मम हत्या कर करते हुए पर्चे छोड़े हैं। युवक को दिन पहले अगवा किया गया था।

### इंडिगो ने निकाला ऑफर 1299 रुपये में यात्रा

**नई दिल्ली।** सस्ते में हवाई यात्रा के लिए इंडिगो ने बढ़िया ऑफर निकाला है। कंपनी सिर्फ 1299 रुपए में देश-विदेश घूमने का मौका दे रही है। इंडिगो ने अपने यात्रियों के लिए 'ग्रैंड रनवे फेस्ट ऑफर को लॉन्च किया है। घरेलू उड़ानों के लिए टिकट 1299 रु. की शुरुआत से मिलेंगी।

## गृहमंत्री शाह के दमदार भाषण से आरजेडी और कांग्रेस में खलबली

# एनडीए की लहर से तेजस्वी की छूट जाएगी हिम्मत, चुनाव लड़ने की नहीं रहेगी ताकत

### बेगूसराय और रोहतास में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते विपक्ष पर किया वार



भाजपा में नेता ऊपर से थोपे नहीं जाते

एजेंसी ▶▶ सासाराम

बिहार विधानसभा चुनाव का माहौल अभी से गरमा गया है। बेगूसराय और रोहतास में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि इस बार बिहार में एनडीए दो-तिहाई से ज्यादा बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने आरजेडी और कांग्रेस को घेरते हुए तेजस्वी यादव को चुनाव से भागने वाला बताया। शाह ने बेगूसराय की सभा में कहा कि बिहार में एनडीए की लहर इतनी तेज है कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव चुनाव लड़ने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाएंगे। शाह ने कहा कि इस बार एनडीए इतनी बड़ी जीत दर्ज करेगा कि विपक्ष पूरी तरह हाशिए पर चला जाएगा। शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत में कार्यकर्ताओं को मालिक बताते हुए कहा कि भाजपा में नेता ऊपर से थोपे नहीं जाते। हर कोई कार्यकर्ता से ही आगे बढ़ता है। खुद का उदाहरण देते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने राजनीति की शुरुआत बूथ अध्यक्ष के रूप में की थी

बिहार में चुनाव में गरमागरमी हो गई शुरू



### कांग्रेस ने बिगाड़ी थी पाकिस्तान की आदत

शाह ने कांग्रेस पर भी बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि आज पाकिस्तान जिस तरह भारत से उलझता है, उसकी जड़ें कांग्रेस की नीतियों में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों ने पाकिस्तान की आदत बिगाड़ दी थी। मोदी सरकार ने तय कर लिया है कि आतंकवाद और घुसपैठियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेंगे।

**लालू-राबड़ी सिर्फ परिवार की सोच रहे रेलमंत्री रहते क्या किया?**

रोहतास की सभा में शाह ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग सिर्फ अपने परिवार और सत्ता की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि लालू पूछते हैं मोदी जी ने बिहार के लिए क्या किया? जब वो रेल मंत्री थे तो बिहार को क्या मिला? आज नरेंद्र मोदी ने बिहार के लिए बजट का खजाना खोल दिया है।

**विपक्ष को 'घोटालों की पार्टी' बताया**

अपने संबोधन में शाह ने आरजेडी पर सीधे वार करते हुए कहा कि ये लोग घोटालों की पार्टी हैं। चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला, रेलवे टेंडर घोटाला... यही इनकी पहचान है। ये जेल भी जाते हैं तो हाथी पर बैठकर बाहर निकलते हैं।

### विकास बनाम परिवारवाद शुरू

शाहाबाद बेल्ट पर इस बार भाजपा का फोकस खास है। पिछले विधानसभा में पार्टी को सिर्फ 2 सीटें मिली थीं। यही वजह है कि शाह ने खुद यहां मोर्चा संभाला है। शाह ने साफ कर दिया है उनके तीखे हमले ने इस चुनावी समर का एजेंडा भी तय कर दिया है विकास बनाम परिवारवाद और घुसपैठियों की राजनीति।

### एनडीए मजबूत होगा, बिहार समृद्ध होगा

शाह ने दावा किया कि एनडीए जितना मजबूत होगा, बिहार उतना ही समृद्ध होगा। लालू परिवार पर जुबानी हमला करते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव बिहार का विकास नहीं कर सकते हैं। भाजपा ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ता ही चुनाव जीतते हैं। रोहतास जिले के डेहरी में 10 जिलों के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया।

### हमारा मिशन दो-तिहाई सीटें जीतना

शाह ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि इस चुनाव को सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव न समझें। यह चुनाव प्रचंड बहुमत लाकर बिहार की तस्वीर बदलने का मौका है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है दो-तिहाई से ज्यादा बहुमत से सरकार बनाना। हर कार्यकर्ता आज से ही इस मिशन को अपना लक्ष्य बना ले।

### एनडीए ने विकास किए लालू घोटाले करते रहे

उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने जो काम किए, लालू यादव पूरे जीवन में उतना नहीं कर सकते हैं। इन्होंने चारा घोटाला किया, लैंड फॉर जॉब स्कैम किया और जेल में घोटाला किया। एक ओर भ्रष्टाचार वाली सरकार है और दूसरी तरफ मोदी सरकार है, जिस पर एक भी भ्रष्टाचार के दाग नहीं हैं।

## रविशंकर का राहुल पर बड़ा पलटवार

# संविधान के फेर में उनके सभी बम हो जाएंगे 'ढेर'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी की वोट चोरी के नए आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि राहुल को कानून के बारे में कुछ नहीं पता है। वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी नहीं समझते हैं। आरोपों पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि क्या राहुल संविधान को समझते हैं? वेसुप्रीम कोर्ट गए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किए। क्या उन्होंने कोई दांव लगाया? वे केवल 'संविधान, संविधान' चिल्लाते हैं। मुख्य बात स्पष्ट है। अगर राहुल को वोट नहीं मिलते हैं, तो हम क्या कर सकते हैं? देश उनके कार्यों को कभी नहीं भूलेगा। वे विपक्ष के नेता हैं। उनके कुछ मूल्य होने चाहिए। वेश के मतदाताओं का अपमान कर रहे हैं। जनता उन्हें फिर से करारा जवाब देगी। उनके सभी बम धराशायी हो जाएंगे। वह किसी पर भरोसा नहीं करते। मैं

### नकारात्मक शब्दों का ही इस्तेमाल कर रहे

हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह दुनिया के पहले नेता हैं, जो अपने ही देश पर परमाणु बम या हाइड्रोजन बम गिराना चाहते हैं। अगर उनकी नीयत अच्छी होती, तो वे बेहतर शब्दों का इस्तेमाल करते। वह ज्यादातर नकारात्मक शब्दों का ही इस्तेमाल करते हैं।

### बिहार में फिर से दरकिनार होंगे

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि कोई कितना हताश हो सकता है? आप दिखावे के लिए संविधान की किताब नहीं लहरा सकते। आपको ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग, ईवीएम और जनता पर भरोसा नहीं है। आप ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाते हैं। बिहार में जनता आपको फिर से दरकिनार कर देगी।

## कांग्रेस का कंगना पर विवादित बयान

# किसी के कुछ भी कहने से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता

एजेंसी ▶▶ मंडी

तमिलनाडु कांग्रेस नेता केएस अलागिरी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि जब वे भी तमिलनाडु आएं तो उनके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाए जो हवाई अड्डे पर पुलिस अधिकारी ने किया था। इस पर रनौत ने कहा कि किसी के कुछ भी कहने से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। अलागिरी ने कहा कि 10-15 किसान मेरे पास आए और बताया कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के



दौरान रनौत ने खेती करने वाली महिलाओं के बारे में कहा था कि वे कमजोर जमीन पर काम कर रही हैं, लेकिन वे क्रांतिकारी महिलाएं हैं। वे महिलाएं खेतों में काम कर रही हैं, वे कुछ भी हासिल करने में सक्षम हैं। रनौत ने 'थप्पड़ मारने' वाले बयान पर कहा कि हम कहीं भी जाएंगे, हमें कोई रोक नहीं सकता।

## खजुराहो के जावरी मंदिर मामले में बयान पर विरोध

# सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई ने कहा सभी धर्मों का 'सम्मान' करता हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित करने वाली याचिका खारिज करने और सुनवाई के दौरान दिए गए बयानों के विरोध पर सीजेआई बीआर गवई ने जवाब दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने याचिका खारिज करते हुए कहा था कि याचिका में प्रचार हित से ज्यादा कुछ नहीं है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि किसी ने मुझे बताया कि मैंने जो टिप्पणियां की थीं, उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि यह विशुद्ध रूप से प्रचार हित याचिका है...जाइए और स्वयं देवता से कुछ करने के लिए कहिए। यदि आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं तो आप प्रार्थना करें और कुछ ध्यान करें। इस बीच अगर आपको शैव धर्म से कोई आपत्ति नहीं है तो आप वहां जाकर पूजा कर सकते हैं... वहां एक बहुत बड़ा शिवलिंग है, जो खजुराहो के सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं पिछले 10 वर्षों से सीजेआई को जानता हूं। यह भी गंभीर है, हम न्यूटन के नियम को जानते थे कि प्रत्येक क्रिया की

सीजेआई ने कहा था-जाइए और स्वयं देवता से कुछ करने के लिए कहिए

### भगवान विष्णु की क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा करने की मांग की थी

राकेश दलाल ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा करने की मांग की थी। सीजेआई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने 16 मई को मध्य प्रदेश में यूनेस्को विश्व धरोहर खजुराहो मंदिर परिसर के हिस्से जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट की मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापित करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

## अडाणी ग्रुप को सेबी से मिली क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप को हिंडनबर्ग मामले में सेबी ने क्लीन चिट दे दी है। सेबी ने कहा कि अडाणी ग्रुप पर लगे आरोप साबित नहीं हुए। अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग ने इनसाइडर ट्रेडिंग के आरोप लगाए थे, जिनकी सेबी जांच कर रही थी। सेबी ने अपने आदेश में गौतम अडाणी, उनके भाई राजेश अडाणी, अडाणी पोर्ट्स, अदानी पॉवर एंड एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज को दोषमुक्त कर दिया। जांच के बाद सेबी ने निष्कर्ष निकाला कि लिस्टिंग समझौते या एलओडीआर विनियमों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। सेबी ने इस मामले की गहन जांच की ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वित्तीय विवरणों में संभावित गलतबयानी सहित सेबी अधिनियम का कोई उल्लंघन हुआ है। सभी विवरणों की जांच के बाद सेबी इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि ये लेन-देन वैध थे और लिस्टिंग समझौते या एलओडीआर विनियमों का उल्लंघन नहीं करते थे।

## हाई कोर्ट ने दिए विजिलेंस जांच के आदेश

# केरल के सबरीमला मंदिर से पौने 7 करोड़ का सोना चोरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल हाई कोर्ट ने सबरीमला अय्यपन मंदिर में स्थित द्वारपालक की मूर्तियों से गायब हुए सोने का पता लगाने के लिए विजिलेंस जांच के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट ने मामले पर स्वतः संज्ञान लिया और करीब 4.54 किलोग्राम सोने का पता न चलने पर चिंता जताई है। बताया जा रहा है कि साल 2019 में जब मूर्तियों की प्लेटिंग दोबारा की गई थी उसी समय से यह सोना गायब है। बताया जा रहा है कि इस सोने की कीमत करीब 7 करोड़ रुपए है। जस्टिस राजा विजयराघवन वी और केवी जयकुमार की बेंच का ध्यान इस तरफ गया कि द्वारपाल की मूर्तियों की शोभा बढ़ाने वाली सोने से मढ़ी तांबे की प्लेटों को जब साल 2019 में नए सिरे से सोने की प्लेटिंग के लिए निकाला गया था तो उस समय उनका वजन 42.8 किलोग्राम था। लेकिन जब इन्हें इस काम के लिए चेन्नई की एक फर्म के सामने पेश किया गया तो उनका वजन कम हो गया था और यह 38.258 किलोग्राम पर आ गया था।

द्वारपाल की मूर्तियों की शोभा बढ़ाने वाली सोने से मढ़ी तांबे की प्लेटों को 2019 में लगाया गया था

### वजन में गिरावट को चिंताजनक बताया



वजन में इतनी ज्यादा गिरावट यानी 4.54 किलोग्राम की कमी को चिंताजनक बताया। इसके बाद कोर्ट ने इसकी एक विस्तृत और व्यापक जांच की मांग की। हाई कोर्ट ने यह सवाल भी सवाल उठाया कि मंदिर का प्रशासन संभालने वाला त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) उस समय इस महत्वपूर्ण वजन में कमी के बारे में जानकारी क्यों नहीं दे पाया। यह मामला मंदिर में लगी द्वारपालकों की मूर्तियों से जुड़ा है, जो हिंदू मंदिर वास्तुकला में एक सामान्य विशेषता हैं।

**कोर्ट के सामने आईं खामियां**

हाई कोर्ट की जांच तब शुरू हुई जब उसने द्वारपाल मूर्तियों से गोल्ड प्लेटेड पैनलों को मरम्मत के लिए अचानक और अनधिकृत तौर पर हटाने से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने पहले टीडीबी को चेन्नई से पैनल वापस लाने का निर्देश दिया था। अपने नए आदेश में कोर्ट में न सिर्फ गायब हुए सोने का जिक्र किया बल्कि कई प्रशासनिक खामियों को भी उजागर किया।

## चिंतन

# पाकिस्तान को लेकर हमेशा सतर्क रहने की जरूरत

पाकिस्तान हर संभव प्रयास कर रहा है कि किसी भी ढंग से भारत को घेरा जा सके। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी गत बनने के बाद उसकी सक्रियता और ज्यादा बढ़ गई है। वो कभी अमेरिका की जी हुजूरी करता है तो कभी बांग्लादेश को अपने पक्ष में करने की जुगत भिड़ाता है। महज कुछ ही दिन पहले मुस्लिम देशों को नाटो जैसा संगठन बनाने की वकालत करने वाले पाकिस्तान ने अब सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत किसी एक पर कोई भी हमला दोनों पर हमला माना जाएगा। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। वैसे तो सऊदी अरब और पाकिस्तान पुराने दोस्त हैं। सऊदी अरब को पाकिस्तान का एटीएम भी कहा जाता है। पाक जब भी कंगाली की हालत में होता है, सबसे पहले सऊदी अरब के सामने ही हाथ फैलाता है। यह रक्षा समझौता ऐसे समय हुआ है, जब खाड़ी के अरब देश लंबे समय के सुरक्षा गारंटर के रूप में अमेरिका की विश्वनीयता पर संदेह जता रहे हैं। पिछले हफ्ते कतर पर इजरायली हमले ने इन देशों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। आपरेशन सिंदूर के बाद मुनीर को पाकिस्तान का सबसे शक्तिशाली इंसान माना जा रहा है और वो लगातार इस समझौते को करवाने की कोशिशों में जुटे थे। क्योंकि वह जानते हैं कि भारत को उनकी सेना अकेले दम पर हराना तो बहुत दूर की बात है, मुकाबले में खड़ी भी नहीं हो सकती। आपरेशन सिंदूर के दौरान महज 48 घंटे में ही उसे युद्ध रोकने की गुहार लगानी पड़ी थी। इसीलिए वो एक ऐसे मजबूत कंधे की तलाश में थे, जिसके सहारे भारत के कोप से बचा जा सके। भारत के साथ-साथ इस समझौते को कतर में किए गए इजरायली हमले को भी कारण माना जा रहा है। 14 सितंबर को दोहा में मुस्लिम देशों के कई नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसी जॉइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया था। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने एक जॉइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र करते हुए कहा था कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुए इस समझौते के पीछे तात्कालिक क्षेत्रीय तनाव तो हैं ही, इसके साथ ही मुख्य प्रावधान किसी एक पर हमले को दोनों पर हमला मानना, औपचारिक गठबंधन संधियों में दी जाने वाली सुरक्षा गारंटी जैसा है। सऊदी अरब के लिए, यह अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के एक कदम का संकेत है। वहीं, पाकिस्तान को डर है कि भारत आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को सबक सिखाने से चूकने वाला नहीं है। पाक अब सऊदी को ढाल के रूप में इस्तेमाल भी करेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि पाक परमाणु शक्ति भी है, जिसकी विदेश नीति दबाव में तुरंत पलट सकती है। क्योंकि उसकी माली हालत अच्छी नहीं है। वो आर्थिक सहायता के बदले कुछ भी कर सकता है। हालांकि, पाकिस्तान सीधे तौर पर इजरायल या भारत पर हमले की हिमाकत शायद ही करे, क्योंकि वो अच्छी तरह से जानता है कि उसका परिणाम क्या होने वाला है। फिर भी भारत को हमेशा सतर्क रहना होगा। क्योंकि पाक एक जहरीले सांप की तरह है, जिस पर कतई भरोसा नहीं किया जा सकता।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# 'वैश्विक गांव' का बिखरता सपना

ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं। पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था। तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच-समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए। सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से।

कहावत है कि एक समय ब्रिटिश सत्ता में सूरज कभी नहीं डूबता था, अब उसी ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं। पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था। भारत समेत तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच और समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों के दबाव में आर्थिक उदारीकरण को गति मिली, लेकिन सभी जानते हैं कि उसके मूल में अपने उत्पादों के लिए दुनिया भर के बाजार हासिल करने की अमेरिकी रणनीति काम कर रही थी। इसलिए भी, अमेरिका के वैचारिक विरोधियों ने अर्थव्यवस्था के उस उदारीकरण और वैश्वीकरण का विरोध किया।

कुछ परंपरागत क्षेत्रों पर नकारात्मक असर के अलावा उससे लाभ भी मिला, लेकिन साढ़े तीन दशक बाद अब विश्व व्यवस्था फिर वापस अपने-अपने दायरे में लौटने को बेताब दिख रही है। विडंबना यह कि इसकी शुरुआत भी अमेरिका से ही हुई। अमेरिका को फिर महान बनाने और अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के नारे के साथ, चार साल के अंतराल के बाद, दूसरी बार राष्ट्रपति बनने में सफल रहे डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का भले ही अब अमेरिका में भी विरोध होने लगा हो, लेकिन 'स्थानीय बनाम प्रवासी' का मोर्चा खोलने की राजनीति यूरोप समेत दूसरे देशों में भी रंग दिखाने लगी है। ये पश्चिमी देश हर तरह के उदारीकरण के लिए जाने जाते रहे हैं। इसीलिए प्रवासियों की पसंद की सूची में ऊपर रहे हैं। प्रवासियों को वहां बेहतर जीवन स्तर मिलता है तो वे भी उनके सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देते हैं। अब अचानक इन देशों को प्रवासी अपने मूल निवासियों और अंततः राष्ट्रीय हितों के लिए खतरा नजर आने लगे हैं। स्थानीयता और राष्ट्रवाद के नाम पर नागरिकों की भावनाएं भड़काने की राजनीति जांची-परखी है। इसलिए इसे आधार बना कर सत्ता-राजनीति की बिसात भी बिछायी जाने लगी है।

अगर अमेरिका सरीखे विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र और मजबूत अर्थव्यवस्था वाले उदार समाज में राष्ट्रवाद डोनाल्ड ट्रंप को दूसरी बार राष्ट्रपति बनवाने वाला 'ट्रंप कार्ड' बन सकता है तो फिर ब्रिटेन, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों के राजनेता उसे क्यों नहीं आजमाना चाहेंगे? ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में चुनाव भी होने वाले हैं। बेशक फ्रांस से लेकर ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तक जनता के सड़कों पर उतरने के मूल में वहां की सरकारों की, जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने में नाकामी तथा महंगाई, बेरोजगारी एवं खराब कानून व्यवस्था के चलते बढ़ती जीवन की मुश्किलें ही हैं, लेकिन ट्रंप के 'ट्रंप कार्ड' के बाद तमाम समस्याओं को स्थानीय बनाम प्रवासी का मुद्दा बना कर पेश करने की राजनीति जोर पकड़ रही है।

पिछले दिनों लंदन में प्रवासी विरोधी रैली का हिंसक हो जाना बताता है कि ये भावनाएं लगातार गहरा रही हैं। बेशक आर्थिक विकास की दौड़ में किसी देश के पिछड़ जाने या आगे निकल जाने का कोई एक कारण



नहीं होता और यह अचानक भी नहीं होता, पर महंगाई-बेरोजगारी के साथ-साथ अपराधों में भी वृद्धि की तपिश झेल रहे अंग्रेजों को यह समझा पाना मुश्किल नहीं कि कभी दुनिया पर राज करने वाले ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था लगातार पिछड़ने के मूल में उस पर बढ़ता प्रवासियों का दबाव भी है। आश्चर्य नहीं कि नोजली, लॉटन और केंट के कुछ क्षेत्रों में प्रवासी विरोधी गुट सक्रिय और मुखर हो रहे हैं। कुछ दशक पहले यह कल्पना भी मुश्किल थी कि ब्रिटेन के मूल निवासी अपने ही देश में खुद को असुरक्षित महसूस करने लगेंगे, लेकिन अब राजधानी लंदन में ही कुछ 'नो-गो जोन' बन गये हैं, जहां मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में गैर मुस्लिम जाना असुरक्षित समझते हैं। ब्रिटेन की ही बात करें तो लगातार बढ़ती मुस्लिम आबादी फिलहाल प्रवासी विरोध की बड़ी वजह है। अनुमान है कि 2035 तक ब्रिटेन की कुल आबादी में मुस्लिम आबादी 25 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

किसी भी देश और समाज में जब आबादी का स्वरूप और संतुलन बदलता है, तो कई तरह की चुनौतियां पैदा होना स्वाभाविक है। बेहतर जीवन की चाह में विदेश जाने वाले प्रवासी भी अपनी संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजे रखना चाहते हैं। इस प्रक्रिया में वे संगठित भी होते हैं, लेकिन राष्ट्रवाद के जरिये स्थानीयता की राजनीति करने वाले उनकी सक्रियता और मुखरता को देश की मूल संस्कृति और निवासियों के लिए खतरे के रूप में पेश करते हैं।

इस्लामी संस्कृति से ले कर गाजा पर एकजुटता के प्रदर्शन तक मुस्लिम संगठनों की सक्रियता और मुखरता अंग्रेजी समाज में भविष्य के खतरे के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। ऐसा लग सकता है कि ब्रिटेन में प्रवासी विरोध के निशाने पर मुस्लिम ही हैं, पर वास्तव में अवैध प्रवासी हर देश में समस्या बनते जा रहे हैं। अमेरिका की तरह अन्य पश्चिमी देशों में भी अवैध प्रवासियों से सख्ती से निपटने के लिए जनता का दबाव बढ़ रहा है। एक अनुमान के मुताबिक इसी साल लगभग 28 हजार अवैध प्रवासी छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन में प्रवेश कर चुके हैं। खुद को अवैध प्रवासियों के लिए धर्मशाला नहीं बनने देना किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं माना जा सकता। बेशक जिन देशों से ये अवैध प्रवासी आते हैं, वे भी उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का तर्कसम्मत विरोध नहीं कर सकते। जब अमेरिका ने अवैध भारतीय प्रवासी हथकड़ी-बेड़ी पहना कर भारत भेजे तो हमारे पास भी मानवीय व्यवहार का मुद्दा उठाने के अलावा कहने को ज्यादा कुछ नहीं था। इस विश्वव्यापी समस्या का चिंताजनक पहलू यह भी है कि अवैध प्रवासियों के विरुद्ध मुखर होते इस विरोध की आंच अंततः वैध प्रवासियों तक भी पहुंचेगी, क्योंकि उनके चलते मूल निवासियों के लिए रोजगार के घटते अवसरों और बढ़ती मुश्किलों की बहस शुरू हो चुकी है। बेशक पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय छात्र वहां की अर्थव्यवस्था में लगभग छह अरब डॉलर का सालाना योगदान देते हैं।

ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी भारतीय पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन कोई भी प्रवासी मूलतः अपने बेहतर जीवन के लिए ही विदेश जाता है, न कि उस देश को बेहतर बनाने में योगदान देने। हां, सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से। जरूरत यह भी समझने-समझाने की है कि परस्पर आदान-प्रदान से ही भविष्य की बेहतर दुनिया बनेगी, संकीर्ण सोच से नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



लवासा में देवकुंड झरना एक छिपा हुआ रत्न है। 20 फिट की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को देख यात्री तरोताजा महसूस करते हैं। यहां पहुंचने के बाद देवकुंड पर्यटन टीम आपको कैंपिंग, ट्रेकिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटी के बारे में पूरी जानकारी देती है। ट्रिप को और यादगार बनाने के लिए आप यहां के गांव में छोटे-छोटे फूड स्टॉल में स्वादिष्ट खाना खा सकते हैं।

## कड़वाहट मिटेगी तो संबंध में आएगी ताजगी



संकलित
**दर्शन**

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे।

## आस्था

बाल मुकुन्द ओझा



# शक्ति भक्ति, मेलों-ठेलों और खुशियों के त्योहार

भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। त्योहार जीवन में खुशियां लेकर आते हैं। विशेषकर सितम्बर और अक्टूबर का त्योहारी महीना अपने साथ कई सौगातें लेकर आता है। इस दौरान बारिश विदाई ले चुकी होती है और मौसम में बदलाव की आहट लोग महसूस करते है। इस मौसम में प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि सितम्बर माह से देश में त्योहारी मौसम की शुरुआत हो जाती है। नवरात्रि से दीपावली तक दो माह इस बार कई महत्वपूर्ण धार्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पर्वों की सौगात लेकर आ रहा है। ये माह आस्था, परंपरा और भक्ति से जुड़ी अनेक शुभ तिथियों को अपने साथ लेकर आया है। यह एक के बाद एक व्रत और त्योहारों से सजा हुआ है। श्राद्ध पक्ष की समाप्ति के साथ ही 22 सितम्बर से विधिवत त्योहारी सीजन की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी, करवा चौथ, दीपावली, प्रदोष व्रत, शरद पूर्णिमा जैसे बड़े व्रत, त्योहार और मेले ठेले हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाये जायेंगे। दीपावली तक त्योहारी खरीदारी का माहौल रहेगा और उसके बाद शादियों का दौर बाजारों को नई रफ्तार देगा। बहरहाल यहां हम त्योहारी सीज़न की चर्चा कर रहे हैं। इस त्योहारी सीजन में एक दर्जन बड़े त्योहार और व्रत आते हैं जिसमें देशवासी उमंग और उत्साह के साथ शामिल होकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। लोकमंगल के इस सीजन में बच्चे से बुजुर्ग तक खुशियां बांटते हैं और खुशहाली की कामना करते हैं। त्योहारी सीज़न की शुरुआत शारदीय नवरात्रि से हो रही है। 22 सितम्बर से शुरू हो रहे नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा के लाखों भक्त उनकी तन मन से पूजा-आराधना करते हैं ताकि उन्हें उनकी श्रद्धा का फल मां के आशीर्वाद के रूप में मिल सके। धनतेरस का पर्व शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को है। इस दिन भगवान धन्वंतरि और मां लक्ष्मी की पूजा होती है। इसे स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। नरक चतुर्दशी का पर्व रविवार, 19 अक्टूबर को मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वध किया था। इसे छोटी दिवाली भी कहते हैं। दिवाली सोमवार, 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। शाम को घरों में दीपक जलाकर अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा मंगलवार, 21 अक्टूबर को है। लोग तरह-तरह के व्यंजन बनाकर भगवान को भोग लगाते हैं। भाई दूज गुरुवार, 23 अक्टूबर को है। यह दिन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित है। बहनें अपने भाइयों को तिलक करती हैं और लंबी उम्र की कामना करती हैं। त्योहारों में लोग अपनी सामर्थ्य के मुताबिक नए कपड़े, जमीन जायदाद सोने-चांदी के सामान सहित घरेलू जरूरत के सामान खरीदते हैं। तन-मन को प्रफुल्लित करने वाला ये पर्व हमारे जीवन में हजारों खुशियां प्रदान करते हैं। त्योहार जीवन को प्रेम, बन्धुत्व और शुद्धता से जीने की सीख देता है और बुराइयों को अन्तर्मन से बाहर निकाल कर अच्छाइयों को ग्रहण करने की ताकत प्रदान करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नए मीटर हटाए सरकार

इलेक्ट्रानिक स्मार्ट मीटर क्या लगे, जी का जंजाल बन गए हैं। पुराने मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त थे और किसी को शिकायत नहीं थी। जैसे हो बिजली के नए मीटर लगे उपभोक्ताओं के दोगुने बिल आने लगे हैं। चारों तरफ त्राहि-त्राहि है। आर्थिक तंगी में बढ़े हुए बिल जैसे गरीबी में आटा गीला हो गया है। उपभोक्ता चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटा कर पुराने मीटर ही लगाए जाएं और नए मीटर हटा कर विभाग जनहित का कार्य करे। इन नए मीटरों की न तो जनता ने मांग की थी और न इन्हें कोई चाहता है। इस कवायद से भले ही विद्युत विभाग की आय बढ़ी है, पर उपभोक्ता इस ट्रंप के से टैरिफ को नहीं सह पा रहे हैं। आशा है जनहित में विभाग और सरकार इस योजना को बंद कर अवश्य अनुगृहीत करेंगे। *- प्रदीप यदु, रायपुर*

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान के कई प्रांतों में इंटरनेट सेवाएं प्रतिबंधित


अफगानिस्तान में लोगों को "अनैतिक आचरण से बचाने के लिए" तालिबान की ओर से फाइबर-ऑप्टिक इंटरनेट सेवाओं पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध कई और प्रांतों में प्रभावी हो गया है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की पूर्ण वापसी के बाद सत्ता की कमान संभालने वाले तालिबान ने पहली बार इस तरह का प्रतिबंध लागू किया है। इससे सरकारी कार्यालय, निजी क्षेत्र के दफ्तर, सार्वजनिक प्रतिष्ठान और घर वाई-फाई इंटरनेट सेवा से वंचित हो गए हैं। हालांकि, देश में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अभी भी चालू हैं। अधिकारियों का कहना है कि "जरूरत पूरी करने के लिए" विकल्प तलाशे जा रहे हैं। उत्तरी बल्ख प्रांत ने मंगलवार को वाई-फाई इंटरनेट सेवाएं बंद होने की पुष्टि की, जबकि देश के अन्य हिस्सों में भी गंभीर व्यवधान की खबरें हैं। बृहस्पतिवार को पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों के अधिकारियों ने बताया कि बगलान, बदख्शान, कुंदुज, नंगरहार और तखर प्रांत में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई हैं। 'अफगानिस्तान मीडिया सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन' ने वाई-फाई इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध की निंदा की। संगठन ने कहा, 'तालिबान के शीर्ष नेता के आदेश पर उठाया गया यह कदम न केवल मुफ्त सूचनाओं और आवश्यक सेवाओं तक लाखों नागरिकों की पहुंच बाधित करता है।



## ऑफ बीट

# हमेशा जीवित रहने, अमरत्व बेचने की तैयारी में विशेषज्ञ

क्या आपको मौका मिले तो हमेशा जीवित रहने के लिए भुगतान करना चाहेंगे? सिलिकॉन वैली के कुछ अरबपति अब सिर्फ प्रौद्योगिकी संबंधी उत्पाद ही नहीं बना रहे, बल्कि उनकी नजरें 'अमरत्व' हासिल करने पर हैं। सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य संबंधी सोच को प्रभावित करने वाले (इन्फ्लुएंसर्स) बड़ी संख्या में उपयुक्त खाद्य सामग्री, मशरूम पाउडर और अन्य कई 'तरह के आहार' को बढ़ावा दे रहे हैं जो दावा करते हैं कि वे आपकी उम्र को उलट सकते हैं या जीवनकाल को बढ़ा सकते हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश उपायों का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। बर्फीले स्नान (आइस बाथ), सौना, क्रायोथेरेपी और रेड लाइट थैरेपी जैसे उपाय अब तेजी से बढ़ते एक उद्योग का हिस्सा बन चुके हैं जो लंबे जीवन और युवा दिखने की चाह पर आधारित है। वैज्ञानिक साक्ष्य की बजाय मुनाफे पर ज़ोर विशेषज्ञों का कहना है कि यह उद्योग उन लोगों को लक्षित कर रहा है जो बुढ़ापे और मृत्यु से डरते हैं। हालांकि, आज तक कोई मनुष्य अमर नहीं हुआ, और न ही जैविक रूप से यह संभव है। डार्विन के सिद्धांत पर आधारित विकास प्रक्रिया जीवों को अधिक समय तक जीवित रहने की बजाय सफल प्रजनन और अनुकूलन के लिए तैयार करती है।



## ट्रेंड

### एक पेड़ मां के नाम

सेवा पखवाड़े के तहत 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है बल्कि इसके प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। मेरी सभी भारतीयों से अपील है कि वे निश्चित रूप से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाएं।
- **भूपेंद्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री**



### मुश्किल पार करने की ताकत

बारिश की वजह से हुआ कीचड़ हो या इंसानों द्वारा बनाए गए बांध - मुझे मेरे लोगों से मिलने से कोई भी परिस्थिति नहीं रोक सकती। यह रिश्ता हर मुश्किल को पार करने की ताकत रखता हैं।
- **हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**



### कई कैदियों की रिहाई

हमारी सरकार ने आजीवन कारावास की सज़ा काट चुके कई कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया है। 2011 से अब तक ऐसे 840 लोगों को रिहा किया जा चुका है। 45 और कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया जा रहा है। मैं उन्हें बधाई देती हूं।
**-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**



### प्रभावित परिवारों से मुलाकात

आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गाँवों और कस्बों का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। हम मिलकर पुनर्निर्माण और राहत कार्यों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाएंगे।
**-कंगना रनौत, सांसद, भाजपा**



**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## चाइना मास्टर्स : सिर्फ 41 मिनट में छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को हराया

# सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ किया हेड टू हेड रिकॉर्ड 6-5, क्वार्टर फाइनल में पहुंची

एजेंसी ⏭ शेनझेन

भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया। हाल ही में हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंची सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी सियांग चिएह चियू और वांग ची-लिन को 32 मिनट में 21-13, 21-12 से हराया। इस जीत के साथ विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ हेड टू हेड रिकॉर्ड 6-5 का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया की एन से यंग से होगा। एन से ने डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ड को 23-21, 21-14 से हराया।

## थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही थीं सतर्क

हाल में हांगकांग ओपन के पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू सीधे गेम में मिली जीत से खुश थीं और उन्होंने कहा कि वह अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही सतर्क थीं। मैच के बाद भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद जरूरी था। वह (चोचुवोंग) एक शीर्ष खिलाड़ी है। मैं इंडोनेशिया ओपन में उसके खिलाफ खेली थी और उस बार भी मुकाबला कड़ा था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में ज़्यादा सतर्क थी। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खुशी है कि मैं जीत हासिल करने में सफल रही।' सिंधु ने कहा, 'मुझे अब कल के लिए तैयारी करनी होगी। यह



अच्छी बात है कि अगर आप पहला गेम जीत जाते हैं तो दूसरे गेम में उसे खत्म कर देते हैं। सीधे गेम में जीत हमेशा आपको आत्मविश्वास देती है। लेकिन आपको लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि आप तेजी से आगे बढ़ें।'

### पहले गेम से ही रहा भारतीय जोड़ी का दबदबा

सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस वर्ष दूसरी बार चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 32 में चियु और वांग को तीन गेम में हराया था। पहले गेम में भारतीय जोड़ी का दबदबा रहा। उन्होंने शुरुआत में 7-2 की बढ़त बना ली और फिर 15 मिनट से भी कम समय में गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी उम्मीद के मुताबिक रहा और भारतीय जोड़ी शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रही। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा।

# सचिन ने किया कमाल, रहे चौथे स्थान पर, नीरज को पीछे छोड़ा

एजेंसी ⏭ टोकियो



वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के मैन जैवलिन थ्रो फाइनल में नीरज चोपड़ा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। नीरज चोपड़ा आठवें स्थान पर रहे। नीरज का बेस्ट थ्रो 84.03 मीटर (दूसरा अटेम्प्ट) का रहा। नीरज के अलावा इस प्रतिस्पर्धा में भारत के लिए सचिन यादव ने भी भाग लिया। सचिन ने अच्छा प्रदर्शन किया और चौथे नंबर पर रहे। सचिन का बेस्ट थ्रो 86.27 मीटर रहा, जो उनका पर्सनल बेस्ट भी है। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वाल्कॉट (88.16 मीटर) ने गोल्ड मेडल जीता।

### सचिन ने फेंका 86.27 मीटर थ्रो

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में भारत के सचिन यादव चौथे स्थान पर रहकर भी कमाल कर दिया। सचिन यादव ने फाइनल में नीरज चोपड़ा और ओलंपिक मेडलिस्ट अरशद नदीम से भी दूर भाला फेंका। हालांकि, सचिन मेडल नहीं जीत पाए, लेकिन अब उन्हें भारत का नया बाहुबली कहा जा रहा है। सचिन का फाइनल में बेस्ट थ्रो 86.27 मीटर रहा। ये उनके करियर का पर्सनल बेस्ट थ्रो भी है। सचिन ने 86.27 मीटर का थ्रो अपने पहले ही प्रयास में किया था। उनका दूसरा थ्रो फाउल रहा था। इसके बाद सचिन ने अपने तीसरे थ्रो में 85.71 मीटर की दूरी हासिल की। सचिन का चौथा प्रयास 84.90 मीटर का था। वहीं 5वें थ्रो में उन्होंने 85.96 मीटर थ्रो किया जबकि उनका आखिरी थ्रो 80.95 मीटर का रहा।

### नीरज रहे आठवें स्थान पर

*नीरज चोपड़ा का पहला प्रयास 83.65 मीटर और दूसरा अटेम्प्ट 84.03 मीटर का रहा, जबकि तीसरा अटेम्पट फाउल और पांचवां अटेम्प्ट फाउल रहा। नीरज का चौथा अटेम्प्ट 82.86 मीटर का रहा। भारत के ही सचिन यादव ने पहला थ्रो 86.27 मीटर का किया, वहीं दूसरा अटेम्प्ट फाउल रहा, जबकि तीसरा प्रयास 85.71 मीटर का था। सचिन का चौथा प्रयास 84.90 मीटर का रहा, जबकि आखिरी दो प्रयास उनके क्रमशः 85.96 मीटर और 80.95 मीटर रहा। तीन अटेम्पट के बाद दो एथलीट्स एलिमिनेट हुए। जबकि चौथे प्रयास के बाद दो और एथलीट्स को एलिमिनेट होना पड़ा। चौथे प्रयास के बाद अरशद नदीम एलिमिनेटर हुए। वहीं पांचवें प्रयास के बाद नीरज चोपड़ा को भी एलिमिनेट होना पड़ा।*



एशिया कपः भारत और ओमान के बीच मुकाबला आज रात 8 बजे से

## भारत के पास सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देने का सुनहरा अवसर

एजेंसी ⏭ दुबई

पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबू धाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी। भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है।

### गिल को क्रीज पर समय बिताने की जरूरत

भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे। अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरुप तेज शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले। भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे सात दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा।

### अर्शदीप को परखने का मौका

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहेंगे, सिवाय इसके कि वह सुपर 4 से पहले जसप्रीत बुमराह को थोड़ा आराम दे सकते हैं। वह भी अगर वह ऐसा करना चाहें। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद, बुमराह खुद भी शायद ब्रेक नहीं चाहते होंगे, लेकिन जब बात आपके सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की हो तो फिर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है।

## एशिया कपः मेंडिस और तुषारा की बदौलत अफगानिस्तान को हरा श्रीलंका सुपर चार में

भाषा ⏭ अबु धाबी

नुवान तुषारा की तूफानी गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज कुसाल मेंडिस के नाबाद अर्धशतक से श्रीलंका ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में बृहस्पतिवार को यहां अफगानिस्तान को छह विकेट से हराकर सुपर चार के लिए क्वालीफाई किया। अफगानिस्तान की टीम तीन मैच में एक जीत से दो अंक ही जुटा सकी और प्रतियोगिता से बाहर हो गई। श्रीलंका की टीम अपने तीनों मैच जीतकर छह अंक के साथ शीर्ष पर रही जबकि बांग्लादेश तीन मैच में चार अंक के साथ ग्रुप से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम रही। अफगानिस्तान के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने मेंडिस (नाबाद 74 रन, 52 गेंद, 10 चौके) की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत 18.4 ओवर में चार विकेट पर 171 रन बनाकर जीत दर्ज की। मेंडिस ने कुसाल परेरा (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 45 और कामिंदु मेंडिस (नाबाद 26, 13 गेंद, दो छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 52 रन की अटूट साझेदारी करके श्रीलंका की आसान जीत सुनिश्चित की।

## आईसीसी ने 'गलत आचरण' के लिए पीसीबी की खिंचाई की, कार्रवाई पर विचार

एजेंसी ⏭ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एशिया कप मैच से पहले पाकिस्तान द्वारा 'टूर्नामेंट के कई नियमों के उल्लंघन' के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई पर विचार कर रहा है। टीम ने मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की अपनी मांग को वैश्विक संचालन संस्था द्वारा अस्वीकार किए जाने के विरोध में मैच में विलंब किया था। आईसीसी ने बुधवार को हुए मैच से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को एक ईमेल भेजा है जिसमें 'गलत आचरण' और खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) प्रोटोकॉल के 'कई उल्लंघनों' का हवाला दिया गया है। टूर्नामेंट से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने पीसीबी को पत्र लिखकर कहा है कि बोर्ड मैच के दिन पीएमओए के नियमों के बार-बार उल्लंघन का दोषी है। पीसीबी को ईमेल मिल गया है।'' पता चला है कि कई चेतावनियों के बावजूद पाकिस्तान ने मीडिया मैनेजर नईम गिलानी को टॉस से पहले पाइक्रॉफ्ट, उसके मुख्य कोच माइक हेसन और कप्तान सलमान अली आगा के बीच हुई बैठक को फिल्माने की अनुमति देकर नियमों का उल्लंघन किया। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया था कि मीडिया प्रबंधकों को ऐसी बैठकों में शामिल होने की इजाजत नहीं है।



खबर संक्षेप

## पीएम मोदी ने की नेपाल समकक्ष कार्की से बात



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की अंतरिम सरकार की पीएम सुशीला कार्की से फोन पर बातचीत की। उन्होंने हाल ही में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान जान गंवाने वालों के परिवारों को प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और शांति तथा स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों में भारत के समर्थन को दोहराया। पीएम मोदी ने नेपाल के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर सुशीला कार्की और नेपाल के लोगों को हार्दिक बधाई दी। यह जानकारी उन्होंने 'एक्स' पर दी।

## अपदस्थ पीएम हसीना को मतदान से रोका

**ढाका।** बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि उसने अपदस्थ पीएम शेख हसीना के राष्ट्रीय पहचान पत्र को 'लॉक' कर दिया है, जिससे वह अगले वर्ष फरवरी में होने वाले आम चुनाव में वह मतदान से वंचित हो गई हैं। चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने यहां निर्वाचन भवन में कहा कि जिस किसी का राष्ट्रीय पहचान (एनआईडी) पत्र लॉक हो जाता है, वह विदेश से मतदान नहीं कर सकता।



# अफगानिस्तान को आतंकमुक्त करने के लिए यूएन में बोला भारत

भारत के लिए शांति और स्थिरता अहम

# पाक समर्थित लश्कर व जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई करना बेहद जरूरी

*भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में कहा कि अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें। यह संदेश भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया।

हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है।

हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

### ◆ जमीन का बेजा इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए न हो

भारत अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर



### मानवीय सहायता में भारत सबसे आगे

हरीश ने अफगानिस्तान में आए भूकंप का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सबसे पहले राहत पहुंचाने वाले देशों में शामिल था। भारत ने 1,000 परिवारों के लिए टेंट और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी। इसके अलावा 21 टन राहत सामग्री जिसमें दवाएं, हाइजीन किट, कंबल और जनरेटर शामिल थे, भी भेजे गए। आने वाले दिनों में और मदद भेजी जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर भारत का जोर

हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर है। भारत ने दोहा और अन्य क्षेत्रीय बैठकों में भी सक्रिय भागीदारी की है ताकि शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो बार अफगान कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से बात कर चुके हैं। भारत ने अफगानिस्तान की ओर से 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा का भी स्वागत किया।

पाक और चीन की मांग

### बीएलए व मजीद ब्रिगेड आतंकी संगठन घोषित

पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव पेश किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह प्रस्ताव पेश किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने बुधवार को कहा कि आईएसआईएल-के, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और उसकी मजीद ब्रिगेड सहित कई आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान से संचालित हो रहे हैं। पाक ने दावा किया कि उसकी सीमा के पार अफगानिस्तान में 60 से ज्यादा आतंकी शिविर संचालित हो रहे हैं।

### आतंकवाद पर नई रणनीति की मांग

भारत का कहना है कि केवल दंडात्मक कदमों से समस्या हल नहीं होगी। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान के लिए नई और व्यावहारिक नीति की जरूरत है। सिर्फ प्रतिबंध या पुराने तरीकों से आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहे वाली नीति से कोई फायदा नहीं होगा। जरूरत है कि सकारात्मक रवैये को प्रोत्साहित किया जाए और नकारात्मक गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाए।

जायसवाल बोले, हम राष्ट्रीय हितों के लिए प्रतिबद्ध

# सऊदी अरब व पाक के बीच रक्षा समझौते पर भारत की पैनी नजर

- राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय व वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करेगा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब और पाकिस्तान ने बीते बुधवार को एक साझा रणनीतिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसका पश्चिम-एशिया से लेकर दक्षिण-एशिया तक गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। मामले की इसी संवेदनशीलता को भांपते हुए विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर समझौते से जुड़े हुए इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने सऊदी अरब और पाकिस्तान के मध्य साझा रणनीतिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर से जुड़ी खबरें मीडिया में देखी हैं। भारत सरकार देश के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के अलावा सभी क्षेत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा को व्यापक बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पाक सेना को मजबूती देगा सऊदी का फंड

इस समझौते को लेकर भारत की विदेश नीति से लेकर रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने एक्स पोस्ट में इस समझौते को एक गंभीर घटनाक्रम बताते हुए इसके कई प्रभाव पड़ने का उल्लेख किया है। इजरायल के खिलाफ पाकिस्तान प्रत्यक्ष रूप से अरब देशों को परमाणु सुरक्षा देने पर जोर दे रहा है। पाकिस्तान और सऊदी अरब की साझेदारी नई नहीं है। लेकिन वर्तमान समझौते से हुई कवायद भारत को ज्यादा परेशान कर सकती है। सिब्बल के मुताबिक, एक राजनीतिक रूप से अस्थिर और आर्थिक रूप से टूटे हुए पाकिस्तान का पश्चिम-एशिया में सुरक्षा प्रदाता की स्थिति में आना खतरनाक स्थिति की ओर इशारा करता है।

### हमले की स्थिति में साथ खड़े होंगे दोनों

रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने एक्स पोस्ट में कहा कि यह समझौता पाकिस्तान की मजबूती को नहीं बल्कि सऊदी अरब की महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है। क्योंकि पाकिस्तान अभी भी दिवालिया होने की कगार पर है। समूचे परिप्रेक्ष्य और ये जानने के बावजूद कि इस रक्षा समझौते को भारत अपनी सुरक्षा के लिए सीधा खतरा समझेगा। सऊदी अरब ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं। पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर हुई यह घटना भारत की संवेदनशीलता को लेकर रियाद की उदासीनता को रेखांकित करती है।

जैश कमांडर का कबूलनामा

## आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए पाक सैनिक

**इस्लामाबाद।** पाक की सेना और आतंकवादी संगठनों के बीच सांठगांठ की बड़ी पोल खुली है। जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर इलियास कश्मीरी ने एक वीडियो में दावा किया है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने खुद आदेश दिया था कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हों। इस खुलासे ने न केवल पाकिस्तान की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि भारत पर लगातार हो रहे हमलों के पीछे की सच्चाई भी उजागर की है।



- कश्मीरी बोला, मुनीर ने दिए थे आदेश

डीजीसीए ने दी मंजूरी

## चारधाम यात्रा के लिए फिर उड़ेंगे हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** डीजीसीए ने मॉनसून अंतराल के बाद 15/16 सितंबर 2025 से चारधाम यात्रा 2025 के लिए हेलीकॉप्टर परिचालन फिर से आरंभ करने की स्वीकृति दे दी है। नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू के नेतृत्व में गहन समीक्षा के बाद चारधाम यात्रा सुरक्षित बनाने हेतु महत्वपूर्ण पहल की गई है। सुरक्षा में कोई चूक बिल्कुल बर्दाश्त न करने के स्पष्ट आदेश के साथ, डीजीसीए को सख्त कदम उठाने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



- सुरक्षा कारणों के चलते उड़ानें पर लगी थी रोक

भारत-अमेरिका में करार

## चंद्रमा और मंगल मिशनों पर नजर

**ह्यूस्टन।** भारत और अमेरिका ने वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अंतरिक्ष साझेदारी के नए चरण की शुरुआत का संकेत दिया, जहां अधिकारियों और अंतरिक्ष यात्रियों ने इस पर जोर दिया कि कैसे दशकों का सहयोग अब चंद्रमा और मंगल मिशनों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। 'भारत-अमेरिका अंतरिक्ष साझेदारी : भविष्य की भागीदारी की सीमाएं' शीर्षक से यह कार्यक्रम सोमवार को इंडिया हाउस में आयोजित हुआ।



- एक कार्यक्रम के दौरान बनी सहमति

## अनिल अंबानी और यस बैंक मामले में सीबीआई की चार्जशीट दायर

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** सीबीआई ने आज अनिल अंबानी समूह की कंपनियों और यस बैंक के बीच कथित धोखाधड़ीपूर्ण वित्तीय लेन-देन से जुड़े दो मामलों में चार्जशीट दाखिल कर दी है। सीबीआई की जांच के अनुसार, वर्ष 2017 में उस समय के यस बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ राणा कपूर ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए, अनिल अंबानी की समूह कंपनियों रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफ़एल) में करीब 5,010 करोड़ का निवेश कराया। यह निवेश केयर रेटिंग्स द्वारा एडीए समूह की वित्तीय स्थिति पर निगरानी रखने की चेतावनी के बावजूद किया गया था। जांच से पता चला है यस बैंक द्वारा निवेश की गई यह राशि बहुस्तरीय लेन-देन के जरिये बाहर निकाल दी गई ।



### राणा कपूर और अनिल अंबानी के बीच सांठगांठ

सीबीआई के अनुसार, इस षड्यंत्र में राणा कपूर और अनिल अंबानी ने एक-दूसरे को फायदा पहुंचाने के लिए सांठगांठ की। यस बैंक से एडीए समूह की संकटग्रस्त कंपनियों को पूंजी दिलाई गई।




राजनाथ बोले, छावनियां स्मार्ट एआई से लैस हों

# छावनी बोर्ड को स्मार्ट, ग्रीन और सतत इकोसिस्टम में बदलने की आवश्यकता

- भारतीय रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों के सम्मेलन 'मंथन-25' को किया संबोधित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित किए गए भारतीय रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों (आईडीईएस) के दो दिवसीय सम्मेलन 'मंथन-2025' को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार के विकसित भारत अभियान (2047 तक) के साथ सामंजस्य बिठाते हुए देश के अलग-अलग भागों में मौजूद छावनी बोर्ड को एक स्मार्ट, ग्रीन और सतत इकोसिस्टम के रूप में तब्दील करने की जरूरत बताई। साथ ही विभागीय अधिकारियों को आगामी एक दशक यानी 2035 तक इस लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके जरिए भारत को एक विकसित देश बनाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री के मुताबिक, भविष्य में छावनियां स्मार्ट पावर सिस्टम सहित नवीकरणीय ऊर्जा ग्रिड, ईवी चार्जिंग हब, स्मार्ट वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और एआई आधारित निगरानी सिस्टम से लैस होनी चाहिए। उक्त विजन को पूरा करने के लिए उन्होंने आईडीईएस और छावनी बोर्ड को एक रूपरेखा तैयार करने के लिए भी कहा। इस सम्मेलन की थीम 'स्ट्रेटजिक रोडमैप टू विकसित भारत @ 2047' रखी गई है।



### पारदर्शिता से बढ़ाएं डिजिटल सेवाएं

डिजिटल सेवाओं (ई-छावनी 2.0) को बढ़ाने पर भी राजनाथ सिंह ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से लोगों को पारदर्शिता के साथ ही समय पर अपने घर पर ही चीजें मिल जाएंगी। साथ ही हमें लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जिससे छावनी के इलाकों में रहने वाले लोग उनसे जुड़ी हुई भविष्य की योजना में भागीदार बन सकेंगे।

### गरीबों और विकलांगों पर दें ध्यान

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि छावनी बोर्ड में रहने वाले नागरिकों को बेहतरीन जन-सुविधाओं प्रदान करने के साथ ही उनके लिए एआई युक्त शिकायतों के तत्काल निवारण का एक तंत्र भी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छावनियों में रहने वाले गरीब लोगों, विकलांगों, वरिष्ठ नागरिकों और विशेष बच्चों के कल्याण पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### आमजन का हो कल्याण

उन्होंने अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपने सफलतापूर्वक दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। जिसमें 18 लाख एकड़ से अधिक की रक्षा भूमि को संभालना और भारत में मौजूद 61 छावनियों में रहने वाले लोगों के कल्याण को सुनिश्चित बनाए रखा गया है। राजनाथ ने हालांकि छावनियों को आधुनिक शहरों की तरह विकसित करने की आवश्यकता बताई।

किरायेदारों को बड़ा झटका!

## अब फोनपे-पेटीएम से नहीं भर पाएंगे रेंट

**नई दिल्ली।** आप भी अगर हर महीने फोनपे, पेटीएम जैसी मोबाइल ऐप्स से अपने घर का किराया क्रेडिट कार्ड से भरते थे, तो अब आपको मुश्किल होने वाली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि फिनटेक कंपनियों ने अब अपने ऐप्स पर रेंट पेमेंट सर्विस बंद कर दी है। बता दें कि बीते कुछ वर्षों में क्रेडिट कार्ड के जरिए रेंट पेमेंट करने का चलन बढ़ गया था। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में भुगतान सेवाओं से जुड़े नए नियम लागू करने के बाद फिनटेक कंपनियों को यह सर्विस बंद करनी पड़ी है।



- क्रेडिट कार्ड से रेंट पेमेंट का प्रचलन बढ़ा

फेड रेट कटौती का असर

## शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़कर 83,000 अंक के पार पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कमी और इस साल दो और कटौती के संकेत से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 320.25 अंक यानी 0.39% की बढ़त के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 93.35 अंक यानी 0.37% चढ़कर 25,423.60 अंक पर पहुंच गया।



- नीतिगत दर में 0.25 फीसदी की कटौती

सराफा बाजार

## सोना 600 रुपये टूटा चांदी रही मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपए गिरकर 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में उछाल आया और यह 300 रुपये बढ़कर 1,31,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में यह 1,670 रुपये गिरकर 1,31,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई थी।



- चांदी 1,31,500 रुपये प्रति किलोग्राम

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25